तापमान

अधिकतम 38.6 डिग्री

न्यूनतम 26.5 डिग्री

हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, रविवार 18 मई 2025

# पांच साल कांग्रेस की सरकार रही, क्यों नहीं तोड़ा स्काई वॉक, लटकाकर रखेंगे तो लागत बढ़ेगी ही: मूणत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री व रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत ने कहा कि जब भाजपा के शासनकाल में स्काईवॉक की योजना बनी थी, तब किसी ने विरोध नहीं किया था, अब राजनीति करने लिए विरोध किया जा रहा है। कांग्रेस ने अपने शासनकाल में क्यों इस पर कोई फैसला नहीं किया। इसको पांच साल तक लटका कर रखा गया। अगर कांग्रेस को यह गैरजरूरी लगा, तो कांग्रेस अपने शासनकाल में इसको तुड़वा क्यों नहीं पाई। कांग्रेस ने तो पुराने ठेकेदारों को बाहर भी नहीं किया था। लटकाकर रखेंगे तो लागत बढ़ेगी। श्री मूणत ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में पांच साल में राजधानी में एक भी काम सरकार ने नहीं किया। बूढ़ातालाब और तेलीबांधा का व्यावसायी करण करके केवल भ्रष्टाचार किया ▶▶ शेष पेज 13 पर

- कांग्रेस सरकार में तीन स्तर पर जांच हुई, किसी कमेटी ने तोड़ने का सुझाव नहीं दिया
- पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा ने कहा-लोग नहीं चाहते थे टूटे और पैसे की बर्बादी हो



### 37 करोड़ का आवंटन, तय बजट पहले से

श्री मूणत ने कहा, प्रदेश में भाजपा की सत्ता में वापसी के बाद जब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव व वित्त मंत्री ओपी चौधरी के समक्ष इस बारे में डिटेल प्रेजेंटेशन दिया गया, तब इसके निर्माण को पूर्ण करने का निर्णय लेकर शेष 37 करोड़ रुपए के कार्य की पूर्णता के लिए राशि आवंटन किया गया है। श्री मूणत ने कहा, यह राशि पूर्व में स्वीकृत बजट की ही राशि है, कोई अतिरिक्त राशि प्रदान नहीं की गई है। कांग्रेस केवल आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति कर रही है।

### हमने सरकार के विवेक पर छोड़ा था: सत्यनारायण

पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि स्काई वॉक की उपयोगिता को लेकर बनी कमेटी ने लोगों से बात की। विशेषज्ञों से मशविरा किया। कोई नहीं चाहता था कि जनता के पैसे की बर्बादी हो। उसे तोड़ने पर कुछ हासिल नहीं होता। कमेटी ने अपनी सिफारिश में कहा था कि सरकार तय करे कि उसकी उपयोगिता क्या हो सकती है।


### तब क्यों नहीं किया विरोध

श्री मूणत ने बताया, सर्वे आने के बाद इसके तीन प्रेजेंटेशन इस रायपुर शहर के अंदर हुए, जिसमें नगर निगम के उस समय की महापौर डॉ. किरणमयी नायक, सत्यनारायण शर्मा, प्रमोद दुबे, निगम कमिश्नर, कलेक्टर, यातायात विभाग के अधिकारी, पीडब्ल्यूडी के अधिकारी सब लोगों ने संयुक्त रूप से इस प्रेजेंटेशन को देखा और सब लोगों ने अपने सुझाव के अनुसार उसमें सुझाव भी दिए। उन सुझावों का समावेश करने के उपरांत फाइनल उसका प्राक्कलन (इस्टीमेट) बनाकर राज्य सरकार को टेंडर की प्रक्रिया और प्रशासनिक स्वीकृति के लिए आवेदन किया गया। पीडब्ल्यूडी द्वारा उसकी प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के उपरांत टेंडर हुआ। 2017 में यह काम चालू हुआ। जिस दिन उसका भूमिपूजन हुआ, उस दिन रायपुर के समाचार पत्रों में विज्ञापन के साथ-साथ पूरी डिटेल जनता के बीच रखी गई। श्री मूणत ने कहा कि विधानसभा में कभी भी कांग्रेस पार्टी के किसी नेता ने कोई सवाल नहीं उठाया। कभी कोई बात नहीं की।

### भ्रष्टाचार हुआ है तो कार्रवाई क्यों नहीं की

श्री मूणत ने कहा, 2018 में प्रदेश में हे सत्ता परिवर्तन के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कह दिया कि स्काईवॉक नहीं बनना चाहिए। हालांकि इसका कोई आधिकारिक आदेश संबंधित विभाग ने नहीं निकाला था। तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने तीन स्तरों पर इसकी जांच कराई। तमाम जांच प्रक्रियाओं के बाद यह निष्कर्ष निकला ▶▶ शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप



### यातायात जागरूकता मालवाहकों की जांच

**रायपुर।** मालवाहक वाहनों में सवारी लाने ले जाने से रोकने उरला पुलिस ने शनिवार को यातायात जागरूकता अभियान चलाया। इस अवसर पर मालवाहक वाहन चालकों की बैठक लेकर उन्हें नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने के निर्देश देते हुए किसी भी हाल में अपने मालवाहक वाहनों को सवारी लाने ले जाने किराए पर नहीं देने निर्देश दिए। उक्त मौके पर एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह सहित अन्य पुलिस अफसर तथा थाने की स्टाफ उपस्थित रहे।

### शराब की अवैध बिक्री करते युवती गिरफ्तार

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवती को शराब बेचते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। युवती के कब्जे से पुलिस ने साढ़े सात हजार रुपए कीमत की 16 लीटर से ज्यादा देशी प्लेन शराब जब्त की है। शराब बिक्री करने के आरोप में पुलिस ने चांद देवार को गिरफ्तार किया है। चांद रावाणभाठा स्थित डेरापारा में शराब बेचते पकड़ी गई।

### 18 किलो गांजा के साथ ओडिशा के दंपति पकड़े गए

**रायपुर।** गंज थाना क्षेत्र में क्राइम ब्रांच की टीम ने ओडिशा के एक दंपति को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो लाख रुपए कीमत का 18 किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस ने गांजा तस्करी करने के आरोप में सुंदरगढ़ निवासी मो. जावेद शेख तथा उसकी पत्नी शबनम आरा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों को रेलवे स्टेशन स्थित एक्सप्रेस-वे के पास से गिरफ्तार किया है।

### इलेक्ट्रॉनिक शॉप से एयरबर्ड चोरी

**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाने में एक इलेक्ट्रॉनिक शॉप के स्टोर मैनेजर ने अज्ञात चोर के खिलाफ नजरें बचाकर 32 हजार रुपए कीमत के तीन नग एयरबर्ड चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। भाठागांव स्थित क्रोमा इलेक्ट्रॉनिक शॉप के स्टोर मैनेजर युगल साहू ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई। युगल ने पुलिस को बताया कि दुकान में ग्राहकों के बीच से अज्ञात चोर एयरबर्ड चोरी कर ले गया।

करीब पचास मकान ढहाए गए, कई ने आलीशान मकान बना लिए थे

# बेशकीमती जमीन पर बने अवैध मकान, कौशल्या विहार में चला बुलडोजर, 26 एकड़ सरकारी जमीन कब्जा मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कमल विहार सेक्टर-11 में 26 एकड़ बेजा कब्जा जमीन को जिला प्रशासन, आरडीए, नगर निगम तथा पुलिस प्रशासन की टीम ने शनिवार को मुक्त कराया। कब्जा की गई जमीन में पक्के मकान बना लिए गए थे, जिसे जेसीबी की मदद से ढहाया गया। मौके पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए टिकरापारा थाने की पुलिस मौजूद थी।

स्थानीय रहवासियों के अनुसार तड़के साढ़े चार बजे के करीब पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और लोगों को अपने घरों से जरूरी सामान निकाल लेने के लिए कहा। इसके बाद निगम, जिला प्रशासन तथा आरडीए की टीम मौके पर पहुंची। बेजा कब्जा ढहाने की कार्रवाई तड़के छह बजे शुरू की गई। पांच घंटे ▶▶ शेष पेज 13 पर

### दलालों ने झांसा देकर बेच दिया था, दो माह के भीतर दूसरी बड़ी कार्रवाई

#### 50 मकानों पर चला जेसीबी

बेजा कब्जा मुक्त कराने की कार्रवाई डूंडा से सटे कमल विहार में की गई है। स्थानीय प्रशासन की टीम ने 50 के करीब पक्के मकान को जेसीबी की मदद से ढहाने का काम किया है। जिन लोगों के मकान ढहाए गए हैं, उनमें एक टीआई के रिश्तेदार का मकान गिराए जाने की बात सामने आई है।

#### दो माह में दूसरी बड़ी कार्रवाई

इसके पूर्व स्थानीय जिला प्रशासन की टीम ने मार्च में कमल विहार के अलग-अलग जगहों पर बेजा कब्जा मुक्त कराने के लिए अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की थी। स्थानीय रहवासियों के अनुसार जमीन दलालों ने उन्हें पट्टा दिलाने का झांसा देकर बसाने का काम किया था। जिन लोगों के शनिवार को बेजा कब्जा ढहाए गए हैं, उनमें से कई एक दशक से ज्यादा समय से वहां रह रहे थे।



#### नोटिस की अनदेखी करने पर कार्रवाई

रायपुर एसडीएम नंदकुमार चौबे के अनुसार जिन लोगों ने बेजा कब्जा कर पक्के मकान बना लिए थे, उन लोगों को पूर्व में जगह खाली करने नोटिस जारी किया गया, लेकिन उन लोगों ने नोटिस का कोई जवाब नहीं दिया और सरकारी जमीन पर काबिज रहे। इस वजह से पूर्व नोटिस के आधार पर बेजा कब्जा मुक्त कराने की कार्रवाई की गई। एसडीएम के अनुसार जिन लोगों के पास रहने के लिए मकान नहीं है, उन्हें बीएसयूपी मकानों में शिफ्ट किया जाएगा। जिनका बस्ती में मकान है, उन्हें वहां भेजा जाएगा।

# काउंसिलिंग का नियम नहीं माना, 94 चिकित्सा छात्रों के 63 लाख रुपए राजसात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मेडिकल कालेजों में पीजी एडमिशन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद चिकित्सा शिक्षा संचालनालय ने 94 छात्रों के पंजीयन शुल्क का कुल 63.15 लाख रुपये राजसात कर लिया है। इन्होंने काउंसिलिंग के दौरान तय किये गए नियम का पालन नहीं किया था। नियम के आधार पर एडमिशन प्रक्रिया में शामिल होने वाले 1068 विद्यार्थियों के खाते में उनकी पंजीयन राशि वापस की जाएगी।

- एक हजार से ज्यादा विद्यार्थियों को वापस मिलेगी राशि

चिकित्सा शिक्षा विभाग काउंसिलिंग के दौरान नीट में सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को काउंसिलिंग में शामिल करने के लिए आवेदन के साथ पंजीयन शुल्क लेता है। एमडी-एमएस के एडमिशन के दौरान निजी मेडिकल कालेज की पंजीयन राशि 2 लाख तय थी। शासकीय मेडिकल कालेज में सामान्य वर्ग के लिये 25 हजार तथा एसटी, एससी, ओबीसी ▶▶ शेष पेज 13 पर

### बांड पोस्टिंग में देर, मामला गर्मा रहा

एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने वाले चिकित्सा अधिकारियों की लंबित बांड पोस्टिंग का मामला एक बार फिर गर्माने लगा है। आरोप लगाया जा रहा है कि यूजी बांड पोस्टिंग की सूची जारी नहीं की जा रही है। जगदलपुर मेडिकल कॉलेज के साथ साथ बाकी जगह के एमबीबीएस पास आउट भी चिंता में हैं। इस मामले में सीजीडीएफ के पदाधिकारियों का कहना है कि रिजल्ट ▶▶ शेष पेज 13 पर


# महिलाओं-बच्ची की सैंडल, चप्पलों से अश्लील हरकत, पुलिस ने मामूली धारा लगाकर छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

इंप्रेशिया सोसाइटी के सीसीटीवी कैमरे में एक ऐसा घिनौना कृत्य रिकार्ड हुआ है, जिसे देख सोसाइटी के रहवासी गुस्से में हैं। घिनौना कृत्य करने वाले व्यक्ति के खिलाफ राजेंद्र नगर थाने में शिकायत की गई। पुलिस ने कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति करते हुए घिनौना कृत्य करने वाले के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धारा के तहत कार्रवाई कर छोड़ दिया। इसके बाद सोसाइटी के रहवासी उस व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए शनिवार को पुनः थाने पहुंचे। जिस व्यक्ति के खिलाफ सोसाइटी के लोग सख्त कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं, वह महिलाओं की सैंडल तथा चप्पल के साथ अश्लील हरकत करता है।

सोसाइटी में रहने वाले लोगों के मुताबिक घिनौना कृत्य करने वाले की पहचान बसंत कुमार गुप्ता के रूप में की गई है। बसंत उसी सोसाइटी में रहता है। बसंत के दो बच्चे हैं और दोनों बाहर रहते हैं। बसंत अपनी पत्नी के साथ रहता है। सीसीटीवी फूटेज 14 मई का है। फूटेज में बसंत किसी महिला की सैंडल लेने के बाद अश्लील हरकत करता दिख रहा है। सैंडल के बाद एक अन्य महिला की चप्पल उठाकर अश्लील हरकत करता दिख रहा है।

### लोगों को लगता था कोई चप्पल में आकर थूक देता है, सीसीटीवी देखने पर मामले का हुआ खुलासा



शर्मनाक

#### छत के रास्ते घुसता था सोसाइटी में

बसंत इतना शातिर है कि वह सीसीटीवी कैमरे की जद में न आए, इसके लिए वह छत के रास्ते दूसरे ब्लाक में पहुंचता था और सीढ़ी उतरकर लोगों के घर के बाहर रखी चप्पल तथा सैंडल के साथ अश्लील हरकत करता था। बसंत इस तरह का कृत्य लंबे अरसे से कर रहा है।

#### लिफ्ट के अंदर अश्लील हरकत

स्थानीय रहवासियों के अनुसार बसंत ने लिफ्ट के अंदर भी घिनौना कृत्य किया है। गंदगी को देख लोगों को पहले लगता था कि किसी ने महिलाओं की चप्पल और लिफ्ट में थूक दिया है। स्थानीय रहवासियों द्वारा कई घर की महिलाओं के सैंडल तथा चप्पल में बसंत द्वारा पेशाब किया गया है। रोज-रोज गंदगी देख लोगों ने सीसीटीवी कैमरे की पड़ताल की, तो मामले का खुलासा हुआ।

100 रुपए के भी साढ़े तीन लाख स्टाम्प खप गए

# 50 रुपए के स्टाम्प की मांग सबसे ज्यादा एक वर्ष में 4 लाख से ज्यादा बिक गए


हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

स्टाम्प पेपर में सबसे ज्यादा डिमांड 50 और 100 रुपए की होती है, इसलिए इसकी बिक्री भी अन्य दूसरे मूल्य के स्टाम्प पेपर की तुलना में सबसे ज्यादा होती है। रायपुर जिले में वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 10 लाख 79 हजार 783 मैनुअल स्टाम्प बिके हैं, जिनमें 10, 20, 50, 100, 500 रुपए के साथ 5 हजार एवं 10 हजार रुपए के स्टाम्प भी शामिल हैं। सबसे ज्यादा 50 रुपए के 4 लाख 28 हजार से ▶▶ शेष पेज 13 पर

### जिले में एक वर्ष में 9 करोड़ 58 लाख से ज्यादा के बिके मैनुअल स्टाम्प

#### वर्ष 2024-25 स्टाम्प पेपर बिक्री-आय का आंकड़ा

| मूल्य | संख्या | आय |
|---|---|---|
| 10 | 204655 | 2046550 |
| 20 | 26695 | 533900 |
| 50 | 428830 | 21431500 |
| 100 | 358420 | 35842000 |
| 500 | 60438 | 30219000 |
| 5000 | 331 | 1655000 |
| 10000 | 414 | 4140000 |



#### पिछले वर्ष की तुलना में इस बार ज्यादा आय

स्टाम्प पेपर में सबसे ज्यादा डिमांड 50 एवं 100 रुपये की रहती है, इसीलिए इन स्टाम्प पेपरों की सबसे ज्यादा बिक्री होती है। वर्ष 2024 में सबसे ज्यादा 50 एवं 100 रुपए के स्टाम्प बिके हैं। पिछले कुछ वर्षों की तुलना इस बार 5 हजार एवं 10 हजार के स्टाम्प पेपर भी ज्यादा बिके हैं।

- अभिषेक शर्मा
जिला कोषालय अधिकारी




**शिविर : सुशासन समाधान शिविर में पंचायत विकास का संकल्प**

# पन्डरभट्ठा में उमड़ा देशभक्ति का जन सैलाब तिरंगा यात्रा में दिखा ऑपरेशन सिंदूर का जोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

धरसींवा के ग्राम पंचायत पन्डरभट्ठा में आयोजित सुशासन समाधान शिविर विकास के संकल्प के साथ देशभक्ति के रंग में भी सराबोर रहा। शिविर के समापन के बाद आयोजित तिरंगा यात्रा में 'ऑपरेशन सिंदूर' का जोश स्पष्ट रूप से दिखाई दिया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर पंचायत विकास को लेकर साय सरकार के दृढ़ संकल्प को भी दोहराया गया।

रायपुर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल और धरसींवा विधायक श्री अनुज शर्मा के नेतृत्व में निकली इस तिरंगा यात्रा में लोगों का उत्साह देखते ही बनता था। हाथों में तिरंगा लिए और भारत माता की जय के नारे लगाते हुए, बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी एक साथ कदमताल करते नजर आए। इस यात्रा में 'ऑपरेशन सिंदूर' का भाव इसलिए भी विशेष रूप से दिखा।

शिविर में सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने पंचायत विकास को साय सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि गांवों के विकास से ही छत्तीसगढ़ का सही विकास संभव है। उन्होंने कहा कि सरकार गांव-गांव और घर-घर तक विकास योजनाओं को पहुंचाने के लिए कटिबद्ध है और इसके लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। विधायक श्री अनुज शर्मा ने भी सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी दी और ग्रामीणों को सक्रिय रूप से विकास प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।



### निकली तिरंगा यात्रा

तिरंगा यात्रा के दौरान, 'ऑपरेशन सिंदूर' के समर्थन में कई नारे भी लगाए गए, जो यह दर्शाते हैं कि ग्रामीण अब अपने क्षेत्र में बदलाव चाहते हैं और इसके लिए सरकार और प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने को तैयार हैं। यह यात्रा न केवल देशभक्ति का प्रतीक थी, बल्कि यह क्षेत्र में नई उम्मीद और बदलाव की बयार भी लेकर आई। पन्डरभट्ठा में आयोजित सुशासन समाधान शिविर और उसके बाद निकली तिरंगा यात्रा एक महत्वपूर्ण घटना रही। इसने न केवल ग्रामीणों की समस्याओं को मंच दिया, बल्कि पंचायत विकास के लिए सरकार के संकल्प और 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से क्षेत्र में शांति स्थापित करने की सामूहिक इच्छाशक्ति को भी मजबूती से प्रदर्शित किया। यह स्पष्ट संकेत है कि छत्तीसगढ़ सरकार अब गांवों के विकास और सुरक्षा को एक साथ लेकर चलने के लिए प्रतिबद्ध है।




### शिविर में अवैध शराब और असमाजिक तत्वों पर लगाम की मांग उठी

ग्रामीणों ने शिविर में अवैध शराब के कारोबार और पुलिस की कार्यप्रणाली से संबंधित अपनी शिकायतें भी रखीं। सांसद ने उन्हें आश्वासन दिया कि इन समस्याओं का जल्द ही समाधान किया जाएगा और क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा। इस संदर्भ में 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए कई ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि पुलिस प्रशासन अब और अधिक सक्रियता से कार्रवाई करेगा और क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाएगा।

### विकास कार्य की हुई घोषणा

सांसद श्री अग्रवाल ने पन्डरभट्ठा और आसपास के गांवों के विकास के लिए 80 लाख रुपये के विकास कार्यों की घोषणा भी की, जिसमें बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह सरकार का संकल्प है कि हर गांव विकास की मुख्यधारा से जुड़े और ग्रामीणों का जीवन स्तर सुधरे।

### इसकी रही उपस्तिथि

पूर्व विधायक श्री देवजी भाई पटेल, जिला पंचायत सदस्य श्री नवीन अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य सविता चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष शकुंतला सेन, जनपद उपाध्यक्ष श्री दिनेश खूंटे, नगर पंचायत अध्यक्ष श्री गोविंद साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष राजा भैया, पूर्व मण्डल अध्यक्ष डाक्टर के के वर्मा,पार्षद प्रतिनिधि योगेश साहू,मोहन प्रजापति, पूर्व सरपंच श्रीमती रूखमणी शिवारे,पूर्व सरपंच हेमन्त वर्मा,पूर्व सरपंच रेमन पाल सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्तिथ थे।

## सेना के सम्मान में निकली तिरंगा यात्रा




**मंदिर हसौद।** बिते दिनों कश्मीर के पहलगाम मे पाकिस्तान के संरक्षण में पल रहे आतंकवादियों द्वारा कयराना हरकत करते हुए, 26 टूरिस्ट जो कश्मीर के पहलगाम के वादियों में घूमने आए टूरिस्ट का धर्म पूछ कर निर्मम हत्या कर दिए, जिससे पूरा देश आंदोलित हो उठा इसे देखते हुए भारत सरकार द्वारा ऑपरेशन सिंदूर तैयार कर पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों की नौ ठिकानों पर हमला कर जमींदज कर दिया गया। जिससे 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए जहां भारत सरकार और सेना के इस मिशन के लिए पूरा देश गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

साथ ही ग्राम पंचायत सकरी भी ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए ग्राम पंचायत सकरी में तिरंगा यात्रा निकाला गया। जिसमें ऑपरेशन सिंदूर और हम सेना के साथ है वन्दे मातरम जय हिंद जय हिंद की सेना के जय घोष के साथ पुरे गांव में पद यात्रा निकला गया। जिसमें ग्राम सरपंच सोनल प्रशान्त कुर्रे, जनपद सदस्य बरखा लोकेश साहू, उप सरपंच पूर्णिमा श्याम सिन्हा, पंच गण लोमेश ध्रुव, हेमा नीलकंठ निषाद, अलका कुर्रे, लष्मी नारायण दिवाकर, उमेश गेन्द्रे, ईश्वर दिवाकर, लीला सिन्हा, प्रीति रात्रें, मोंगरा पाल, जागेश्वर कुर्रे, नरसिह ध्रुव, देवा सिन्हा, रवि भोदल, सरिता, महेंद्र गेंदें, श्याम ,उत्तरा, दीनदयाल, नरेंद्र एवं ग्राम सचिव राजेश्वरी एवं भारी संख्या में ग्रामवासी सम्मिलित हुए।

## चंदखुरी में निकली भव्य तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा



**आरंग।** नगर पंचायत चन्दखुरी में भारतीय सेनाओं की वीरता एवं ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता को समर्पित तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा निकला गया जिसमें यात्रा में सभी राष्ट्रभक्तों ने हाथ में तिरंगा थामकर मां भारती के सेवकों का अभिनंदन कर भारत माता का जयघोष किया। यह यात्रा शौर्य, सम्मान, शहादत एवं देशभक्ति का प्रतीक है। इस अवसर पर रायपुर जिला ग्रामीण के उपाध्यक्ष दीपक बैस, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिक बैस, मंदिर हसौद मंडल के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष रवि सोनी, विश्वनाथ नायक, चेतन टंडन, महेश्वर वर्मा, उदय वर्मा सहित पार्षदगन और भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिकजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## आरंग में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

**आरंग।** राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक अभियान अंतर्गत भारतीय सेना के वीर जवानों के सम्मान में शनिवार को नगर पालिका आरंग में भी भव्य तिरंगा यात्रा निकाला गया। जिसमें मुख्य रूप से गुरु खुशवंत साहेब विधायक आरंग विधानसभा, श्याम कुमार नारंग जिला अध्यक्ष भाजपा रायपुर ग्रामीण, ध्रुव कुमार मिर्धा अध्यक्ष चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड (छत्तीसगढ), डॉ संदीप जैन अध्यक्ष नगर पालिका परिषद आरंग सहित समस्त आरंग तथा क्षेत्र के नागरिक और जनप्रतिनिधिगण, पार्षदगण तथा भाजपा आरंग मंडल के समस्त कार्यकर्तागण शामिल हुए। तिरंगा यात्रा तिरंगा झंडा स्थल कर्मा माता चौक से आरंभ होकर विधायक कार्यालय मे समाप्त हुआ। आपको बता दे कि यह यात्रा देश की सुरक्षा में नागरिक सहभागिता के संकल्प के साथ आयोजित किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों से लेकर आम नागरिकों तक की भागीदारी सुनिश्चित की गई। यह आयोजन नगरवासियो के उत्साह, सेनाओं के प्रति सम्मान और राष्ट्रीय एकता की भावना को सशक्त करने वाला एक अनुकरणीय प्रयास है। सब एकजुट होकर देश की सुरक्षा और एकता का मिसाल प्रस्तुत किए।



## फरफौद में निकली तिरंगा यात्रा

**आरंग।** ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता के उपलक्ष्य में देश के वीर सैनिकों के सम्मान और राष्ट्रभक्ति की भावना को जन जन तक पहुंचाने के लिए ग्राम पंचायत फरफौद में देशभक्ति से ओत-प्रोत माहौल में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा में ग्राम के पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं और युवाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा की शुरुआत पंचायत भवन परिसर से की गई, जहाँ सरपंच, पंचायत प्रतिनिधि और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सभी प्रतिभागी हाथों में तिरंगा थामे हुए "भारत माता की जय" और "वंदे मातरम्" जैसे जोशीले नारे लगाते हुए ग्राम की गलियों से होकर गुजरे। यात्रा के दौरान महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से सराहनीय रही। तिरंगा यात्रा में सरपंच प्रतिनिधि पंकज चन्द्राकर, उपसरपंच राकेश चन्द्राकर, भाजपा नेत्री बसन्ती चन्द्राकर, पंचगण कमलेश चन्द्राकर, खेलन डहरिया, ऋषभ यादव, सनत यादव, डोमन धीवर, रूपेश कन्नौजे, भूपेंद्र चन्द्राकर, लोकेश चन्द्राकर, अजय चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

## भीषण सड़क हादसे में मृतकों को दी श्रद्धांजलि, परिजनों को आर्थिक मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

11 मई को एक अत्यंत हृदयविदारक एवं दुखद सड़क दुर्घटना में 13 निर्दोष जनों की असमय मृत्यु हो गई। यह हादसा न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि समूचे देश को शोकाकुल कर गया। इस दुःखद घटना में जिन लोगों ने अपनी जान गंवाई, उनमें से 3 ग्राम चटौद एवं 1 ग्राम नगपुरा, आरंग विधानसभा क्षेत्र के निवासी थे। आपको बता दे ग्राम चटौद से बाना षष्ठी कार्यक्रम में गए हुए थे वापसी समय बंगोली खरोरा के पास यह हादसा हुआ था जिसमें 13 लोगों की मृत्यु और करीब 17 लोग है। इस त्रासदी ने अनेकों घरों को सूना कर दिया और परिवारों को अपूरणीय क्षति पहुंचाई। घटना की भयावहता को देखते हुए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गहरी संवेदना प्रकट करते हुए शोक संदेश जारी किया तथा प्रत्येक दिवंगतजन के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2–2 लाख रुपये एवं घायलों के इलाज हेतु 50–50 हजार की सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की। महामहिम राष्ट्रपति महोदया द्वारा भी इस हादसे को लेकर गहरा दुःख प्रकट किया गया। राज्य सरकार की ओर से छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तत्काल संज्ञान लेते हुए इस दुर्घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया और दिवंगतों के परिजनों को 5–5 लाख रुपये की सहायता राशि और घायलों को 50–50 हजार देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री का यह संवेदनशील निर्णय इस संकट की घड़ी में शासन की तत्परता और मानवीयता का प्रमाण है। आज मृतकों के संबंधित परिजनों को यह सहायता राशि उनके निवास स्थान पर जाकर ससम्मान सौंपी गई। इस दौरान गुरु साहेब जी के साथ प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहें। शासन की यह पहल न केवल आर्थिक संबल है, बल्कि यह विश्वास दिलाने का प्रयास है कि इस कठिन समय में शासन-प्रशासन उनके साथ खड़ा है। उन्होंने इस अपूरणीय क्षति पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा की यह क्षण अत्यंत दुःखद एवं पीड़ादायक है। हम सभी शोकसंतप्त परिवारों के साथ खड़े हैं और परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी से प्रार्थना करते हैं कि वे दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और परिजनों को इस दुःख को सहने की शक्ति दें।





## क्रिकेट चैंपियनशिप में आरंग के 5 खिलाड़ियों का चयन

**आरंग।** स्टेयर्स फाउंडेशन नेशनल स्पोर्ट्स प्रमोशन आर्गेनाइजेशन द्वारा 20 से 22 मई तक दिल्ली में अयोजित स्टेयर्स यूथ नेशनल गेम्स टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप में आरंग क्रिकेट क्लब के 5 खिलाड़ियों जय प्रकाश लोधी, हर्ष लोधी, जय पाल, भावेश सोनकर, उमेश लोधी का चयन अंडर 19 छत्तीसगढ़ टेनिस बॉल क्रिकेट टीम में हुआ है। आरंग युवा एवं खेल संगठन अध्यक्ष अमन साहू ने बताया कि आरंग में अयोजित छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट चयन ट्रायल में श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर सभी खिलाड़ियों का चयन छत्तीसगढ़ टीम में हुआ है। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ संदीप जैन ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह आरंग के लिए गौरव की बात है कि क्रिकेट खेलो में भी आरंग के खिलाड़ी राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व कर देश प्रदेश के साथ साथ विदेशो में भी आरंग का परचम लहरा रहे है। इसके लिए डॉ संदीप जैन ने आरंग युवा एवं खेल संगठन को श्रेय दिया और सदैव संगठन का सहयोग करने की बात कही। इस अवसर पर आरंग युवा एवं खेल संगठन संरक्षक योगेन्द्र चन्द्राकर, विजय साहू, ऋषिकेश साहू, आरंग क्रिकेट क्लब से सोमनाथ लोधी, खिलेश्वरी ढीढी, पार्थ देवांगन, महावीर सभी सदस्य और खिलाड़ी उपस्थित थे।

### मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज की बैठक आज

तरपोंगी। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज धरसींवा राज का सामाजिक प्रकरण बैठक 18 मई दिन रविवार को ग्राम बरतनारा में सुबह 10 बजे से रखा गया है। बैठक की अध्यक्षता राज प्रधान नीलमणी परगनिहा करेंगे। इस बैठक में सामाजिक प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। उक्तासय की जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी देवेंद्र वर्मा ने दी।

## हजारों मजदूरों को बांटी गई साड़ियां एवं गमछे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा के ग्राम सांकरा में जैतस्तंभ चौक पर एक भव्य मजदूर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में मजदूरों को सम्मानित किया गया। यह समारोह न केवल मजदूरों के प्रति समाज की कृतज्ञता को दर्शाता है, बल्कि उनके अधिकारों और कल्याण के प्रति जागरूकता फैलाने का भी एक महत्वपूर्ण प्रयास है।समारोह में राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष कमल बांधे ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, मजदूर भारत की रीढ़ हैं। उनके बिना देश की प्रगति संभव नहीं है। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे मजदूर सुरक्षित और सम्मानित जीवन जी सकें। उन्होंने मजदूरों के अधिकारों की रक्षा और उनके लिए बेहतर कार्य परिस्थितियों की आवश्यकता पर बल दिया।

इस समारोह में मजदूर राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक के ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद बंजारे ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने उद्योगों में मजदूरों के साथ हो रहे शोषण के खिलाफ आवाज उठाई और कहा, हम सभी को मिलकर काम करना होगा ताकि मजदूरों को उनका हक मिले। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम उनके अधिकारों की रक्षा करें और उन्हें उचित वेतन और काम करने की बेहतर परिस्थितियाँ प्रदान करें। समारोह में उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में जिला अध्यक्ष रायपुर ग्रामीण सोनिया बांधे, गणेश टंडन, अभिषेक कोसले, कोमल डहरिया, अलित डहरिया कविता ब्रह्मदेव और कई अन्य स्थानीय नेता शामिल थे। इन सभी ने मजदूरों की मेहनत और संघर्ष को सराहा और उनके कल्याण के लिए अपने समर्थन का आश्वासन दिया। समारोह के अंत में सभी सम्मानित मजदूरों को साड़ियां वितरित की गईं, जो उनकी मेहनत और समर्पण का प्रतीक थीं। यह उपहार न केवल उनके लिए एक सम्मान था, बल्कि यह समाज द्वारा उनकी मेहनत की सराहना करने का एक तरीका भी था।



### मजदूरों की स्थिति में सुधार लाने के लिए प्रयासरत रहें

इस समारोह का आयोजन स्थानीय समुदाय के सहयोग से किया गया था, जिसमें विभिन्न संगठनों और व्यवसायों ने योगदान दिया। आयोजकों ने इस बात पर जोर दिया कि यह समारोह सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि यह एक आंदोलन की शुरुआत है जो मजदूरों के अधिकारों और उनकी भलाई के लिए एकजुटता को बढ़ावा देगा। यह समारोह मजदूरों के प्रति समाज की कृतज्ञता और उनके योगदान को मान्यता देने का एक महत्वपूर्ण कदम था। इसके माध्यम से यह संदेश भी गया कि हम सभी को मिलकर मजदूरों की स्थिति में सुधार लाने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए। इस प्रकार के आयोजनों से न केवल मजदूरों का मनोबल बढ़ता है, बल्कि समाज में उनकी अहमियत और योगदान को भी रेखांकित किया जाता है।

**गनोद में समाधान शिविर के साथ तिरंगा यात्रा से छलका उत्साह**

# जनता को राहत पहुंचाने का काम ही सुशासन है : गुरु खुशवंत साहेब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

शनिवार को सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन शासकीय हाई स्कूल गनोद प्रांगण में किया गया। जिसमें कुल 13 ग्राम पंचायत की सहभागिता रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक एवं उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण गुरु खुशवंत साहेब ने जनता को सुशासन पर्व की बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार में विकास साय-साय हो रहा है, उन्होंने भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन पर जोर देते हुए अवैध शराब बिक्री के लिए आबकारी विभाग को रोक लगाने के निर्देश दिए एवं कहा की अवैध कार्यों पर शासन सख्त है। उन्होंने इस अवसर पर भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को भी नमन करते हुए ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र किया तथा सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा के लिए आह्वान किया। वहीं अध्यक्षता कर रहे अभनपुर क्षेत्रीय विधायक इंद्र कुमार साहू ने कहा कि समाधान शिविर के माध्यम से जनता को विभिन्न योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है।



### 105 आवेदनों का हुआ निराकरण

उन्होंने जनमानस की जागरूकता की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है की सुशासन समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और सभी को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हो। इस अवसर पर जिला कलेक्टर रायपुर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने कहा कि 8 अप्रैल से 31 मई तक तीन चरणों में चलने वाले इस सुशासन तिहार के अंतर्गत प्रशासन पारदर्शिता जवाब देही और जन संवाद के साथ कार्य कर रहा है उन्होंने समाधान पेटी, ऑनलाइन पोर्टल, एवं प्राप्त होने वाले आवेदनों के प्रकार, निराकरण, का विश्लेषण करते हुए कहा की जनता को राहत पहुंचाने का काम ही सुशासन है। इस अवसर पर एसएसपी लाल उमेद सिंह की भी उपस्थित रही। वही अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुष्पेंद्र शर्मा एवं जनपद पंचायत सीईओ कुमार सिंह लहरे ने जानकारी देते हुए कहा कि मांग के 7641 और शिकायत के 105 आवेदनों पर निराकरण की कार्यवाही के साथ तात्कालिक प्राप्त आवेदनों पर भी निराकरण किया गया है।

### देशभक्ति नारों रही गूंज

शिविर में हितग्राहियों को स्प्रेयर किट, अन्नप्राशन, बालिका स्वच्छता किट, कृषि सामग्री, ड्राइविंग लाइसेंस, हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, श्रम कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र आदि वितरित किए गए एवं लोगों ने स्वास्थ्य विभाग स्टाल से निशुल्क बीपी, शुगर चेक कराया व आयुष्मान कार्ड भी प्राप्त किए। तत्पश्चात विधायक गुरु खुशवंत साहेब के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें अतिथियों, जनप्रतिनिधिगण एवं ग्रामवासियों की सहभागिता रही तथा भारतीय सेना जिंदाबाद के देशभक्ति नारो के साथ वातावरण गूंज उठा। रैली का समापन अटल चौक में किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष टाकेश्वरी मुरली साहू, जनपद उपाध्यक्ष रविंद्र रिंकू चंद्राकर, जनपद सदस्यगण पद्मिनी साहू, कृष्ण कुमार साहू, किरण मनीष साहू, कृष्णा महेश साहू, जिला पंचायत सदस्य भीनू सुजीत घीदौड़े, मंडल अध्यक्षगण टेसवंत बघेल, पोषण साहू आदि की उपस्थिति रही एवं तहसीलदार सीता शुक्ला एवं विनोद साहू, शिविर नोडल अधिकारी केशव शर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा, खंड चिकित्सा अधिकारी विजय लक्ष्मी अनंत, छत्रधारी सोनकर तथा प्राचार्यगण, बिरबिरा, मोखला, बरभाठा, अकोलीकला (लिंगाडीह) के ग्रामवासियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

## समाधान शिविर में आरंग राजिम मार्ग पर रेलवे ओवर ब्रिज बनाने उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

शनिवार को गनौद में सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविर में आरंग राजिम मार्ग पर स्थित रेलवे फाटक में ओवर ब्रिज बनाने मांग किए हैं। पीपला वेलफेयर फाउंडेशन के संरक्षक व किसान नेता पारसनाथ साहू ने जनमानस की समस्यायों को गंभीरता से उठाते हुए आरंग राजिम मार्ग पर शीघ्र ही ओवरब्रिज बनाने मांग किए हैं। उन्होंने मांग पत्र में लिखा है बार-बार रेलवे फाटक बंद होने तथा भागदौड़ की जिंदगी में लोगों का काफी समय रेलवे फाटक में ही व्यतीत हो जाता है। हर घंटे चार पांच बार रेलवे फाटक बंद होने से राहगीरों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है। इस मार्ग पर ग्राम भिलाई में सीआरपीएफ कैंप भी है। जहां के जवानों को आपात स्थिति में कहीं भी आना जाना होता है। साथ ही आगे इसी मार्ग पर भारत माला रोड भी बन रहा है। ज्ञात हो कि इस मार्ग पर जब से दोहरा रेल लाइन बना है यहां चौबीसों घंटे रेलवे की आवा जाही होती रहती है। जिससे राहगीरों को काफी परेशानियां हो रही है।

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आज

**रायपुर।** शंकरनगर स्थित सिंधु पैलेस में 18 मई को छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक होगी। इसकी तैयारी के लिए छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के प्रदेश कार्यालय में पंचायत के मुख्य पदाधिकारियों की एक बैठक हुई, जिसमें निर्णय लिया गया कि छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत की प्रदेश की कार्यकारिणी में शामिल छत्तीसगढ़ की सभी पंचायतों व उनके आजीवन सदस्यों तथा वर्तमान कार्यकारिणी के रायपुर व पूरे प्रदेश के पदाधिकारियों को बुलाया जाएगा। साथ ही एक दिवसीय बैठक शंकरनगर सिंधु पैलेस में रखी जाएगी, जहां पर सर्वप्रथम संविधान पर चर्चा होगी और वर्तमान समयानुसार आवश्यक संशोधन के लिए प्रस्ताव रखे जाएंगे। साथ ही सदस्यता शुल्क पर भी चर्चा कर निर्णय लिए जाएंगे। यह जानकारी प्रदेश प्रवक्ता सुभाष बजाज ने देते हुए बताया कि बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी, कार्यकारी अध्यक्ष महेश रोहरा, रमेश मिरघानी, बलराम आहूजा, कैलाश बालानी, सुभाष बजाज, जीवत बजाज, नत्थू धनवानी, प्रहलाद शादीजा, विकास रूपरेला, अनिल लाहौरी आदि उपस्थित थे।

### कॉलोनी की समस्याओं को लेकर विधायक से की मुलाकात



**रायपुर।** रेसिडेंट को-ऑपरेटिव सोसाइटी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी फेस-2 सेजबहार के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू से सौजन्य भेंट की। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल द्वारा कॉलोनी की मुख्य समस्याओं, बाउंड्रीवॉल का निर्माण, बाहर की ओर से कॉलोनी में आने वाली नाली के डायवर्सन, मुख्य द्वार पर गार्ड के बैठने के लिए शेड निर्माण, संपूर्ण परिसर में टूटे चैंबरों की मरम्मत, कॉलोनी के पीछे नाले के सौंदर्यीकरण इत्यादि समस्याओं के निराकरण के लिए हाउसिंग बोर्ड को निर्देशित करने के लिए विधायक का ध्यान आकृष्ट कराया। जिस पर विधायक श्री साहू ने ध्यानपूर्वक समस्याएं सुनीं और शीघ्र ही निराकरण करने का आश्वासन दिया। मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में सोसाइटी के संरक्षक कुलेश देवांगन, अध्यक्ष अनिल सिन्हा, उपाध्यक्ष बीआर देवांगन, कोषाध्यक्ष बीआर साहू, सांस्कृतिक प्रभारी भूमेद सिंह खंडाते, वरिष्ठ सदस्य हरि श्याम यादव एवं बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी उपस्थित थे।

### प्रदेश में खरीफ 2025 की तैयारी, कृषि संकल्प अभियान 29 से

**रायपुर।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार विकसित कृषि संकल्प अभियान वर्ष 2025 का आयोजन 29 मई से 12 जून 2025 तक राज्य के सभी विकासखंडों में किया जाएगा। यह राष्ट्रीय स्तर का अभियान खरीफ मौसम 2025 की पूर्व तैयारी को सशक्त बनाने, किसानों को आधुनिक व वैज्ञानिक कृषि तकनीकों से जोड़ने तथा खेतों में हो रहे नवाचारों को पहचान कर अनुसंधान की दिशा तय करने के लिए प्रारंभ किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य में अभियान के सफल संचालन के लिए कृषि एवं संबद्ध विभागों की संयुक्त टीमें गठित की गई हैं। ये टीमें प्रतिदिन 2 से 3 चिन्हित ग्राम पंचायतों में पहुंचकर किसानों के साथ वैज्ञानिक परिचर्चा आयोजित करेंगी। परिचर्चाओं के माध्यम से किसानों को धान की सीधी बुवाई, ड्रोन तकनीक का उपयोग, प्राकृतिक खेती, बीजों की नवीन किस्में, संतुलित उर्वरक उपयोग तथा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित कृषि, बागवानी, पशुपालन व मत्स्यपालन संबंधी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इन आयोजनों में आईसीएआर संस्थानों, कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिक, कृषि विभाग व संबद्ध विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं प्रगतिशील कृषक भाग लेंगे।

# संविधान बचाओ रैली में शामिल होंगे पायलट, कल जांजगीर-चांपा से होगा आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

छत्तीसगढ़ में पहलगाम की घटना को लेकर दो बार स्थगित हुई कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली अब जांजगीर-चांपा से शुरू की जाएगी। रैली में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट हिस्सा लेंगे। रैली के दौरान पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी और कार्यकर्ता इसमें शामिल होंगे। 19 मई को जांजगीर चांपा में संविधान बचाओ रैली के बाद सभी जिला मुख्यालयों और विधानसभा क्षेत्रों में संविधान बचाओ रैली निकाली जायेगी। जिला एवं विधानसभा के बाद कांग्रेस घर-घर तक संविधान बचाओ अभियान लेकर जायेगी। जांजगीर-चांपा में होने वाली संविधान बचाओ रैली की तैयारी की रणनीति तैयार की गई है। प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व सीएम भूपेश बघेल, प्रभारी सचिव जरिता लैतफलांग, प्रभारी सचिव विजय जांगिड़, विधायक सहित अन्य नेता मौजूद रहेंगे। पूर्व में दुर्ग और बिलासपुर से रैली शुरू करने का प्रयास किया गया, पर स्थगित कर दी गई। अब जांजगीर-चांपा से निकलने वाली रैली की तैयारी लगभग पूरी हो गई है।

## रैली के बाद सभी जिला मुख्यालयों और विधानसभा क्षेत्रों में निकलेगी रैली

### तीन मांगों पर केंद्रित होगी रैली

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, कांग्रेस पार्टी जनसरोकार की प्रमुख तीन मांगों को लेकर जनता के बीच जाएगी और केंद्र की मोदी सरकार पर दबाव बनाएगी। पहला आरक्षण में 50 प्रतिशत की सीलिंग हटाने की मांग, इसके लिए एआईसीसी ने अहमदाबाद की बैठक में प्रस्ताव भी पास किया है। दूसरा केंद्र की सरकार ने नेशनल बजट के एलोकेशन में एससी, एसटी के लिए बजट दुर्भावना पूर्वक कम किया जा रहा है, उसे बढ़ाने और पॉपुलेशन के आधार पर बजट हो, सभी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी युवाओं को प्राइवेट शिक्षण संस्थानों में भी आरक्षण दिया जाए। 2006 में यूपीए की सरकार ने संविधान के आर्टिकल 15(5) में इसका प्रावधान भी किया है, इसका सरकारी स्कूलों में तो लाभ मिल रहा है, लेकिन निजी संस्थान में आरक्षण का लाभ नहीं मिल रहा है। सरकार इसे निजी संस्थानों में भी तत्काल लागू कराए।







### आज से दो दिवसीय दौरे पर आएंगे पायलट

एआईसीसी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट 18 मई को नियमित विमान सेवा से शाम 5.30 बजे मुंबई से रायपुर पहुंचेंगे। शाम 6 बजे समता कालोनी में पहलगाम आतंकी हमले में दिवंगत हुये कारोबारी स्व. दिनेश मिरानिया के परिवार से मुलाकात करेंगे। शाम 6.30 बजे रायपुर से बिलासपुर के लिए रवाना होंगे एवं रात्रि विश्राम बिलासपुर में करेंगे। 19 मई को दोपहर 2 बजे बिलासपुर से जांजगीर-चांपा के लिये रवाना होंगे। दोपहर 3 बजे जांजगीर-चांपा में आयोजित मेजर ध्यान चंद हॉकी स्टेडियम में संविधान बचाओ रैली के कार्यक्रम में शामिल होंगे। शाम 5.30 बजे जांजगीर-चांपा से रायपुर के लिये रवाना होंगे। रात 8.30 बजे रायपुर से नियमित विमान सेवा द्वारा नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

## स्कूलों की गुणवत्ता सुधारने शिक्षकों और शालाओं का युक्तियुक्तकरण

# 7127 स्कूलों में एक शिक्षक, 260 भगवान भरोसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश की स्कूली शिक्षा व्यवस्था को अधिक सशक्त, संतुलित और गुणवत्तापूर्ण बनाने के उद्देश्य से शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण किए जाने की पहल की है। वर्तमान में प्रदेश की 212 प्राथमिक शालाएं पूर्णतः शिक्षक विहीन हैं, जबकि 6,872 प्राथमिक शालाएं एकल शिक्षकीय हैं। इसी प्रकार 48 पूर्व माध्यमिक शालाएं शिक्षक विहीन हैं तथा 255 शालाएं एकल शिक्षकीय श्रेणी में आती हैं। इस प्रकार प्रदेश की 7127 स्कूलों में एक शिक्षक हैं, वहीं 260 स्कूल ऐसे है, जहां एक भी शिक्षक नहीं है, यह भगवान भरोसे चल रहे हैं।

प्रदेश में प्राथमिक शालाओं में कुल 77 हजार 845 सहायक शिक्षक कार्यरत हैं, जबकि पूर्व माध्यमिक शालाओं में 55 हजार 692 शिक्षक कार्यरत हैं। यदि शिक्षक विहीन प्राथमिक शालाओं में 2-2 तथा एकल शिक्षकीय शालाओं में 1-1 अतिरिक्त शिक्षक की नियुक्ति की जाए, तो कुल 7 हजार 296 सहायक शिक्षकों की आवश्यकता होगी, जबकि उपलब्ध अतिशेष सहायक शिक्षक केवल 3 हजार 608 हैं। इसी प्रकार पूर्व माध्यमिक स्तर पर शिक्षक विहीन शालाओं में 4, एकल शिक्षकीय में 3, दो शिक्षकीय में 2 और तीन शिक्षकीय में 1 अतिरिक्त शिक्षक की आवश्यकता होगी। इस मानक के अनुसार कुल 5 हजार 536 शिक्षकों की आवश्यकता बनती है, जबकि केवल 1 हजार 762 शिक्षक ही अतिशेष हैं।

### विभाग के अनुसार 1762 शिक्षक ही अतिशेष




### प्रायमरी में 60 छात्रों पर एक शिक्षक

शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अनुसार, प्राथमिक शालाओं में 60 छात्रों तक 2 सहायक शिक्षक तथा प्रत्येक 30 अतिरिक्त छात्रों पर एक अतिरिक्त सहायक शिक्षक रखने का प्रावधान है। पूर्व माध्यमिक शालाओं में 105 छात्रों तक 3 शिक्षक और 1 प्रधान पाठक, तथा प्रत्येक 35 छात्रों पर एक अतिरिक्त शिक्षक नियुक्त किया जाना है। छत्तीसगढ़ में कई प्राथमिक विद्यालयों में प्रधान पाठक के पद अधिनियम के लागू होने से पहले से स्वीकृत हैं, इसलिए शिक्षक गणना में इन पदों को भी सम्मिलित किया गया है। वर्ष 2008 के बाद प्रारंभ हुए विद्यालयों में प्रधान पाठक का पद स्वीकृत नहीं है।

### कई स्कूलों में शिक्षक और संसाधनों की कमी

शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण का निर्णय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के दिशा-निर्देशों के अनुरूप लिया गया है, ताकि शिक्षक संसाधनों का अधिकतम और समान उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। प्रदेश में वर्तमान में 30 हजार 700 शासकीय प्राथमिक शालाएं संचालित हो रही हैं, जिनमें छात्र-शिक्षक अनुपात 21.84 है। वहीं 13 हजार 149 पूर्व माध्यमिक शालाओं में यह अनुपात 26.2 है, जो राष्ट्रीय औसत की तुलना में बेहतर स्थिति को दर्शाता है। इसके बावजूद कई विद्यालयों में शिक्षक संसाधनों की कमी देखने को मिल रही है।

### 6665 शालाओं में पांच या अधिक शिक्षक

राज्य में शिक्षकों की संख्या पर्याप्त होने के बावजूद उनका वितरण असमान है। कुछ विद्यालयों में जहां शिक्षक नहीं हैं, वहीं अन्य विद्यालयों में आवश्यकता से अधिक शिक्षक पदस्थ हैं। उदाहरण के लिए, लगभग 1 हजार 500 प्राथमिक शालाएं ऐसी हैं जहां 5 या उससे अधिक शिक्षक कार्यरत हैं। इसी प्रकार 3 हजार 465 पूर्व माध्यमिक शालाओं में 5 शिक्षक तथा 1 हजार 700 पूर्व माध्यमिक शालाओं में 5 से अधिक शिक्षक कार्यरत हैं। यह असंतुलन शिक्षा की गुणवत्ता में बाधक है, जिसे युक्तियुक्तकरण द्वारा सुधारा जा सकता है। उच्च माध्यमिक व हाई स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति विषय-वार सेटअप के अनुसार होती है, इस कारण वहाँ अतिशेष शिक्षकों की संख्या अपेक्षाकृत नगण्य है।

### *युक्तियुक्तकरण की दोषपूर्ण नीति शिक्षा की गुणवत्ता गिरेगी- संजय*

*छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा, युक्तियुक्तकरण की वर्तमान नीति में प्रायमरी, मिडिल व कामर्स के एक-एक शिक्षकों की संख्या सभी स्कूल में समाप्त की गई है। युक्तियुक्तकरण की दोषपूर्ण नीति से शिक्षा विभाग में शिक्षा की गुणवत्ता गिरेगी। कम शिक्षक होने से कक्षा संचालन भी संभव नहीं, इससे शिक्षा की गुणवत्ता पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। नीति में सबसे बड़ी विसंगति तो यही है कि प्रत्येक शाला में एक-एक पद न्यूनतम छात्र संख्या पर कम किया गया है। साथ ही एक ही परिसर की शालाओं को सम्बद्ध करने कहा गया है, इससे शाला का प्रबंध कमजोर होगा और प्रधान पाठक पद को खत्म किया जा रहा है, इससे शिक्षकों की पदोन्नति नहीं होगी।*

### *कोई भी स्कूल बंद नहीं होगा*

*युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को लेकर यह स्पष्ट किया गया है कि यह किसी भी विद्यालय को बंद करने की प्रक्रिया नहीं है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्रस्तावित क्लस्टर विद्यालय अवधारणा के अनुरूप एक ही परिसर में संचालित प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों का युक्तियुक्तकरण किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में केवल प्रशासनिक समन्वय होगा, न कि किसी विद्यालय या पद की समाप्ति। उदाहरण के लिए, यदि किसी परिसर में तीनों स्तर के विद्यालय हैं, तो प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक विद्यालयों का समायोजन उच्चतर विद्यालय परिसर में किया जाएगा, जिससे भविष्य में बेहतर अधोसंरचना और शैक्षिक संसाधन उपलब्ध कराए जा सकें।*

## एक्सप्रेस-वे, स्काईवॉक भाजपा के भ्रष्टाचार के स्मारक के रूप में जनता के सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि पूर्वमंत्री राजेश मूणत कितनी भी गलत बयानी कर लें, रायपुर का एक्सप्रेस-वे, स्काईवॉक भाजपा के भ्रष्टाचार की स्मारक के रूप में छत्तीसगढ़ की जनता के सामने खड़ी है। तत्कालीन भाजपा सरकार के लोक निर्माण मंत्री राजेश मूणत ने बिना किसी आवश्यकता के रायपुर शहर में एक स्काई वॉक बनाने का प्रोजेक्ट अपने रसूख का प्रयोग करके पास करवा दिया, जिसकी कोई आवश्यकता ही नहीं थी। जनता ने भी स्काई वॉक निर्माण के प्रोजेक्ट को लेकर तत्कालीन सरकार का विरोध किया था।

उन्होंने कहा, भाजपा ने अपने 15 वर्ष के शासन काल में जिस प्रकार से शासकीय धन का दुर्विनियोजन किया, उसका एक बहुत छोटा सा उदाहरण स्काईवॉक प्रोजेक्ट है, जो दिन- प्रतिदिन रायपुर की जनता को उनके साथ हुये विश्वासघात, उपेक्षा और धोखाधड़ी की याद दिलाता है। उन्होंने कहा, राज्य सरकार अधूरे स्काईवॉक पर पैसा खर्च करने के बजाय निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए और शहर के भविष्य की मांग के अनुरूप फ्लाई ओवर बनाने पर योजना बनानी चाहिए। एक आदमी की जिद और अहंकार की संतुष्टि के लिए फिजूल का निर्माण कार्य कराया जा रहा।

### अटल मॉनिटरिंग पोर्टल पर सूरजपुर पूरे प्रदेश में अव्वल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए वर्ष 2024-25 की अटल मॉनिटरिंग पोर्टल रैंकिंग में पूरे राज्य में पहला स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की गुणवत्ता, प्रभावशीलता और पहुँच को दर्शाती है। अटल मॉनिटरिंग पोर्टल के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं के निवारक, प्रोत्साहनात्मक और उपचारात्मक पक्षों का आकलन किया जाता है।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद बैठक 29 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

*मणिपुर, केरल, कर्नाटक सहित अन्य राज्यों से आएंगे प्रतिनिधि*

*पर्यावरण संरक्षण और नवाचारों से युक्त होगा तीन दिवसीय कार्यक्रम*

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद की बैठक 29 से 31 मई तक इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मंडपम सभागार में आयोजित है। इस बैठक में मणिपुर, केरल, कर्नाटक सहित देश के विभिन्न राज्यों से प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसके साथ नेपाल से भी परिषद के कार्यकर्ता बैठक में भाग लेने रायपुर आ रहे हैं। इस मौके पर 7 विषयों पर प्रमुख रूप से चर्चा होगी। बैठक को नवाचार से युक्त और पर्यावरण अनुकूल बनाने का प्रयास किया जा रहा है। परिषद के रायपुर महानगर मंत्री और प्रदेश मीडिया प्रमुख प्रथम राव और विदिशा से संगठन मंत्री शालिनी ने शनिवार को संयुक्त रूप से इसकी जानकारी दी।

मीडिया से चर्चा में पदाधिकारी द्वय ने बताया कि यह संपूर्ण आयोजन जीरो प्लास्टिक उपयोग के सिद्धांत पर आधारित होगा। साथ ही सब्जियों के छिलके से कंपोस्ट खाद तैयार करने, मिलेट से रंगोली बनाने और गोबर ने मैनचेस्टर प्लेट तैयार किया जायेगा।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में देशभर के परिदृश्य का प्रस्ताव शामिल रहेगा। आंतरिक सुरक्षा, नक्सलवाद की समस्या, कुलपति नियुक्त सहित अनय प्रमुख विषयों पर चर्चा की जायेगी। प्रथम राव ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी का लक्ष्य इस बार देशभर में 1 करोड़ सदस्य बनाने का है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाहक मुकुंद सियार विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। वे कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन भी देंगे।

## प्रशिक्षु अधिकारियों ने किया सेंट्रल जेल का भ्रमण




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित प्रशिक्षु अधिकारियों ने शनिवार को शैक्षणिक भ्रमण कर कार्यप्रणाली का अवलोकन किया। इनमें 9 डिप्टी कलेक्टर, 6 राज्य कर सहायक आयुक्त, 9 सहायक आयुक्त सहकारिता, 5 जिला आबकारी अधिकारी सहित कुल 29 प्रशिक्षणरत अधिकारी शामिल थे। छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी निमोरा के संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण के अंतर्गत इन अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों को राज्य के कारागार तंत्र, अपराध नियंत्रण और न्याय प्रणाली और बंदी पुर्नवास की व्यावहारिक जानकारी दी गई, ताकि वे प्रशासनिक सेवाओं के दौरान इन महत्वपूर्ण विषयों को गहराई से समझ सकें। भ्रमण के दौरान सहायक जेल महानिरीक्षक अमित शांडिल्य द्वारा जेल प्रशासन की संरचना, सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों के अधिकार, स्वास्थ्य सुविधाएं, शिक्षा एवं कौशल विकास कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई।

# ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा का मुख्यमंत्री उपमुख्यमंत्री और मंत्रियों ने किया नेतृत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक कार्यक्रम और 'ऑपरेशन सिंदूर' की वीरगाथा को जनमानस से जोड़ने के लिए पूरे प्रदेश में भव्य तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया गया। जशपुर जिले के दुलदुला तहसील के चराईडांड़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में निकली ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा में हजारों नागरिकों ने भाग लिया। मुख्यमंत्री साय ने शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया और 'ऑपरेशन सिंदूर' को राष्ट्र की एकता का प्रतीक बताया। उन्होंने हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत कर राष्ट्रीय संकल्प को जनआंदोलन में बदला।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव और केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने बिलासपुर में मिनी स्टेडियम से तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाई। लखीराम ऑडिटोरियम तक निकली इस यात्रा में सांसद, महापौर, अधिकारी और जनसामान्य की उल्लेखनीय भागीदारी रही। सुकमा जिले के चिंगावरम में उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा और वनमंत्री केदार कश्यप ने तिरंगा यात्रा का नेतृत्व किया। इस आयोजन में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया और स्पष्ट किया कि अब बस्तर आतंक से नहीं, आत्मबल से पहचाना जाएगा।

### राजनांदगांव में डा. रमन हुए शामिल



राजनांदगांव में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह स्वयं ग्राम भर्रेगांव और शहर में आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर भारत की ताकत का जीवंत उदाहरण है। आम नागरिकों ने भारी संख्या में भाग लेकर सैनिकों को सच्ची श्रद्धांजलि दी। रायगढ़ जिला मुख्यालय में राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह और लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया के नेतृत्व में निकली यात्रा में हजारों लोगों ने भाग लिया। कोरबा में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के नेतृत्व में घंटाघर चौक से निकली यात्रा में महापौर, कलेक्टर और एसपी सहित हजारों लोगों की भागीदारी रही। महासमुंद में सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी और विधायक योगेश्वर सिन्हा के नेतृत्व में यात्रा गांधी चौक से हाई स्कूल मैदान तक संपन्न हुई। कवर्धा जिले में गांव-गांव तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें सरपंच, शिक्षक, युवा मंडल और आम नागरिकों ने मिलकर सेना के प्रति सम्मान प्रकट किया। यह आयोजन जनजागृति का सशक्त मंच बना। बालोद जिला मुख्यालय में वल्लभ भाई पटेल मैदान से निकली यात्रा पुष्प वर्षा और भारत माता की जय के नारों से गुंजायमान रही। दल्लीराजहरा, गुण्डरदेही, अर्जुंदा जैसे निकायों में भी समान उत्साह देखा गया। कोण्डागांव में विधायक लता उसेंडी और कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना की उपस्थिति में पलारी गांव और नगर क्षेत्र में तिरंगा यात्रा निकाली गई। सरगुजा में विधायक राजेश अग्रवाल और कलेक्टर विलास भोसकर की उपस्थिति में भव्य यात्रा निकाली गई।

## छत्तीसगढ़ के पंप अब कभी सूखेंगे नहीं, आपूर्ति सुगम बनाने एचपीसीएल ने लाया प्रोजेक्ट

# पाइपलाइन के जरिए बहुत कम समय में ओडिशा से रायपुर पहुंचेगा पेट्रोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के पेट्रोल पंपों में अब कभी भी पेट्रोल की आपूर्ति प्रभावित नहीं होगी। इससे उपभोक्ताओं को भी पेट्रोल पंपों से बैरंग लौटना नहीं पड़ेगा। हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) पेट्रोल आपूर्ति और वितरण को सुगम बनाने के लिए विशाख रायपुर पेट्रोल पाइप लाइन प्रोजेक्ट लाया है।


इस प्रोजेक्ट के तहत ओडिशा के काटाभांजी से छत्तीसगढ़ रायपुर तक 540 किलोमीटर की लंबी भूमिगत पाइप लाइन बिछाई जाएगी, जिसके माध्यम से पेट्रोल बहुत कम समय में कंपनी के डिपो तक पहुंचेगा, जिससे प्रदेश के पेट्रोल पंपों में इसकी आपूर्ति जल्द हो पाएगी।





### 2212 करोड़ का प्रोजेक्ट, छत्तीसगढ़ में 95 किलोमीटर की पाइपलाइन

एचपीसीएल का यह प्रोजेक्ट 2212 करोड़ रुपए का है। इस प्रोजेक्ट के तहत छत्तीसगढ़ में 95 किलोमीटर लंबी पाइप लाइन बिछाई जाएगी। यह पाइप लाइन महासमुंद जिले के कोमाखान से शुरू होकर नवा रायपुर होकर मंदिर हसौद क्षेत्र के ग्राम परवोन तक बिछाई जाएगी।



### महानदी से गुजरेगी पाइपलाइन

इस प्रोजेक्ट के तहत बिछाई जाने वाली पाइप लाइन 54 गांवों के अलावा महानदी को भी क्रास करेगी। यानी पाइप लाइन महासमुंद-रायपुर के बीच महानदी से भी गुजरेगी।

### *54 गांवों से होकर पहुंचेगी पाइप लाइन*

*इस प्रोजेक्ट के तहत कोमाखान से मंदिर हसौद स्थित गांव तक पाइप लाइन बिछाने में करीब 54 गांव प्रभावित हो रहे हैं, या यू कहें कि 54 गांव से होकर पाइप लाइन रायपुर पहुंचेगी। इनमें 38 गांव महासमुंद जिले के तथा 16 गांव रायपुर जिले के हैं। सूत्रों के अनुसार पाइप लाइन बिछाने के लिए प्रभावित होने वाले सभी गांवों को नोटिस के रूप में सूचना दी जाएगी तथा जिस भी परिवार या किसान की जितनी जमीन प्रभावित होगी, उसका मुआवजा का भुगतान उस क्षेत्र की सरकारी जमीन की दर के अनुसार किया जाएगा।*

### *प्रोजेक्ट से छत्तीसगढ़-ओडिशा के उपभोक्ताओं को मिलेगी सुविधा*

*एचपीसीएस के इस प्रोजेक्ट से छत्तीसगढ़ और ओडिशा के उपभोक्ताओं को सुविधा मिलेगी। कंपनी अभी तक टैंकर वाहन के माध्यम से पेट्रोल की सप्लाई डिपो तक करती है। इसमें कई घंटे लग जाते हैं, जिसके कारण पेट्रोल पंपों में आपूर्ति करने में भी देर होती है। इसके अलावा भी कई कारण हैं, जिससे डिपो तथा पेट्रोल पंपों में आपूर्ति प्रभावित होने से उपभोक्ताओं को परेशान होना पड़ता है। इस प्रोजेक्ट के शुरू होने से डिपो और पंपों में कम समय में आपूर्ति होगी, जिससे उपभोक्ताओं को पंपों में पेट्रोल नहीं मिलने की परेशानी से भी मुक्ति मिलेगी।*

### जायसवाल बने रायगढ़ जिला कांग्रेस प्रभारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने रायगढ़ जिले के लिए संगठनात्मक नियुक्ति करते हुए प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल को शहर जिला कांग्रेस कमेटी, रायगढ़ का प्रभारी नियुक्त किया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर जारी इस आदेश में कहा गया है कि श्री जायसवाल जिले में संगठनात्मक गतिविधियों के संचालन की जिम्मेदारी निभाएंगे। साथ ही उन्हें जिला, नगर व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों, स्थानीय पदाधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं से समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया गया है। आदेश में यह भी कहा गया है कि वे समय-समय पर रायगढ़ जिले की संगठनात्मक गतिविधियों की रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपते रहेंगे।

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, रविवार 18 मई 2025

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



02



फ्रीडम फाइटर म्यूजियम में स्वतंत्रता...


## लाइव इवेंट

## आपदा प्रबंधन में युवा निभाएंगे अहम भूमिका सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों की होगी तैनाती



रायपुर। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत संचालित 'एम-वाय भारत' ने देशभर के युवाओं से सिविल डिफेंस स्वयंसेवक के रूप में जुड़ने की अपील की है। इस पहल का उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों, जैसे प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं और अन्य जनसंकटों में राहत, प्राथमिक उपचार और पुनर्वास कार्यों में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना है। मंत्रालय के अनुसार, प्रशिक्षित और सजग स्वयंसेवकों के सहयोग से स्थानीय प्रशासन को समय पर सहायता मिल सकेगी। एम-वाय भारत के डिप्टी डायरेक्टर अर्पित तिवारी ने बताया, "हम एक ऐसा स्वयंसेवक नेटवर्क तैयार करना चाहते हैं, जो संकट के समय तत्परता से राहत कार्यों में जुट सके और जीवनरक्षक सेवाओं में योगदान दे।"

### पोर्टल पर करना होगा पंजीकरण

एम-वाय भारत के राज्य निदेशक अतुल जे. निकम ने बताया कि स्वयंसेवकों को आवश्यक प्रशिक्षण के साथ जीवन-रक्षा कौशल और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया, "इस कार्यक्रम में नए और पूर्व पंजीकृत दोनों तरह के स्वयंसेवक भाग ले सकते हैं, और एम-वाय भारत पोर्टल (**https://mybharat.gov.in**) के जरिए पंजीकरण सरलता से किया जा सकता है। सुनीता चांसोरिया, राष्ट्रीय सेवा योजना, सहायक प्राध्यापक, दुर्गा कॉलेज का कहना है कि एक समर्पित नागरिक स्वयंसेवक बल राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया तंत्र को और अधिक तीव्र एवं प्रभावी बनाएगा। एम-वाय भारत ने युवाओं से अनुरोध किया है कि वे इस महत्वपूर्ण पहल में सहयोग देकर अपने समुदाय और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं।


### इन आपदाओं में निभाएंगे अहम भूमिका

देशभर में आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों को विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों में तैनात किया जाएगा। इनका उद्देश्य स्थानीय प्रशासन को सहयोग देना और संकट की घड़ी में त्वरित सहायता उपलब्ध कराना है। स्वयंसेवकों की जिम्मेदारियों में बचाव एवं निकासी अभियानों का संचालन, प्राथमिक चिकित्सा और आपातकालीन देखभाल, यातायात प्रबंधन एवं भीड़ नियंत्रण व आपदा प्रतिक्रिया और पुनर्वास कार्यों में सहयोग समेत सार्वजनिक सुरक्षा और जागरूकता अभियान में भागीदारी शामिल है।

● रंग संस्कार महोत्सव के दूसरे दिन नाटक भरत मिलाप का मंचन, गलतफहमियों का भावनात्मक चित्रण

# मंच पर जीवंत हुआ भरत मिलाप, भाइयों के प्रेम और त्याग ने दर्शकों को किया भावुक

"तपसी के तप पूरा होगे, नंदी ग्राम म आनंद आगे..भरत के आंखी बोहावत हे झर-झर आवत हे लक्ष्मण सीता राम...गायक संत फरिकार की प्रस्तुति नाटक के हृदय का किरदार निभा रहा था। जो मानो एक-एक पक्ति को संगीत के माध्यम से श्रृंगार करने का काम कर रही हो। नाटक का वह अंतिम क्षण, जहां एक ओर 14 वर्ष के वनवास से लौटे श्रीराम, माता सीता और भाई लक्ष्मण और दूसरी ओर राम के वियोग में आत्मदाह करने को तैयार भाई भरत.....यह दृश्य दर्शकों के मन में एक छाप छोड़ गया, जहां नाटक के माध्यम से दो भाइयों के प्रेम को दर्शाने का प्रयास किया गया।"



रायपुर। रंग मंदिर सभागार में रामायण प्रसंग पर आधार भरत मिलाप के दृश्य को मंच पर कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया, नाटक में छोटा भाई राम थिएटर में निर्देशक के तौर पर भरत मिलाप के नाटक की रचना कर रहा था। इस दौरान रामायण के प्रसंग भरत मिलाप पर आधारित मनमोहक नाटक का मंचन किया गया, देर रात 8.02 बजे से शुरू नाटक रहस्य से भरा रहा। जहां शुरुआत से ही दो भाइयों के बीच प्रेम और अथक विश्वास को दिखाया गया।

### समय से पहले सभागार में दर्शकों की भीड़

*संस्कृति विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से संस्कार भारती छत्तीसगढ़ द्वारा तीन दिवसीय नाट्य महोत्सव रंग संस्कार के दूसरे दिन भी दर्शकों का उत्साह देखने को मिला। रंग मंदिर सभागार में लगभग एक घंटे पहले दर्शकों की भीड़ सभागार परिसर में देखने को मिली, जो समय के साथ-साथ बढ़ती गई। महोत्सव के दूसरे दिन कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कार भारती के योगेश अग्रवाल ने की, जिन्होंने संबोधन में कहा, आधुनिकता के दौर में भारतीय संस्कृति की कला कहीं गुम होती जा रही है। आज युवाओं का रुझान भारतीय संस्कृति की धरोहर नाटक से कम होता जा रहा है। इस मौके पर रविवि के पूर्व कुलपति एसके पांडे बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।*



### जब थिएटर बना भाईचारे की मिसाल

नाटक में बड़ा भाई अपने परिवार की जिम्मेदारियां निभा रहा होता है, वहीं छोटा भाई उसके अधूरे सपने एक थिएटर को शुरू करने को पूरा करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा देता है। नाटक में भाइयों के बीच गलतफहमियों का भावनात्मक चित्रण दिखाया गया, जिससे बड़ा भाई दूसरे शहर जाने का फैसला कर लेता है। लेकिन भाई-भाभी के प्रेम और भरत मिलाप के भावुक दृश्य ने उसके कदम रोक दिए। यह दृश्य दर्शकों के लिए बेहद भावनात्मक था, जहां थिएटर हॉल में बैठे लोग मुस्कुरा रहे थे तो कई दर्शकों की आंखें नम थीं। नाटक ने यह संदेश दिया कि सच्चे रिश्तों में विश्वास और प्रेम ही सबसे बड़ी ताकत होती है। तहीं मोर जीव के आधार, ऐ सोन सिहासन ये राज मुकुट सब बिरथा हे आगू तोर, मोर राम....नाटक के दौरान कलाकार ने अपने संगीतमय नाट्य से दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया।



### आधुनिकता की सच्चाई से नाटक की शुरुआत

नाटक के निर्देशक किशोर वैभव तुलसी दास के किरदार में नजर आए, जिन्होंने आधुनिकता के दौर में परिवार के सदस्यों के बीच मतभेद की व्यथा को बताया। कहा, ये कैसा दौर है, जहां बेटा पिता को पैसे के लिए, पति-पत्नी में निंदा, भाइयों के बीच संपत्ति के लिए लड़ाई देखने को मिल रही है.....प्रभु राम की यह जन्मभूमि की कैसी दशा हो गई है..

### मशहूर अभिनेता मनोज जोशी रहेंगे मौजूद



रंग संस्कार महोत्सव के अंतिम दिन कार्यक्रम की अध्यक्षता बॉलीवुड अभिनेता मनोज जोशी करने जा रहे हैं। अंतिम दिन राजधानी के कलाकारों के साथ नाटक का लुत्फ उठाते नजर आएंगे। शाम 7 बजे पेइंग गेस्ट नाटक के दौरान अभिनेता श्री जोशी सभागार में मौजूद रहेंगे। इस नाटक का निर्देशन आचार्य रंजन मोडक द्वारा किया जा रहा है।

## सिटी लाइव

## थाईलैंड की ईमली और न्यूजीलैंड की कीवी बढ़ा रहे स्वाद



**रायपुर।** बदलते दौर में अब देशी के साथ विदेशी व्यंजन, फलों का भी स्वाद राजधानी में लोग चखने लगे हैं। विदेशी व्यंजनों का स्वाद तो अब पुराना हो चुका है, वहीं अब विदेशी फलों का स्वाद जीभ पर चढ़ता जा रहा है। ज्यादातर लोग देशी फलों के साथ विदेशी फलों को भी पसंद करने लगे हैं। इसी वजह से अब वियतनाम का ड्रैगन फ्रूट, थाईलैंड की ईमली, न्यूजीलैंड की कीवी के साथ ही एवोकाडो, मैंगो स्टीम, पियर्स, माल्टा आरेंज, ब्लूबैरी भी फल बाजार में सामान्य रूप से नजर आने लगे हैं। रायपुर के फल बाजार में विदेशी फल बड़ी तादाद में आने लगे हैं। धीरे-धीरे इनका बाजार बढ़ता ही जा रहा है।

### महंगे होने के बावजूद मांग बढ़ी

फ्रूट भंडार के संचालक अनिल बताते हैं कि बाजार में विदेशी फ्रूट तकरीबन दस साल से आ रहे हैं, लेकिन शुरुआत में इनका बाजार बड़े शहरों तक ही सीमित रहा। इसके बाद विदेशी फल देश के सभी शहरों में पहुंचने लगे। वहीं अब दो-तीन साल से अपने शहर में बड़ी तेजी से इनका चलन बढ़ता जा रहा है। हालांकि ये कुछ महंगे भी होते हैं, लेकिन इनका स्वाद लजीज होता है, इसी वजह से विदेशी फल लोगों की जुबान में चढ़ते ही जा रहे हैं और दिनो-दिन इसकी मांग बढ़ती जा रही है।

### इन दामों पर बाजार में उपलब्ध

- कीवी - 600 रुपए किलो
- ब्लूबेरी - 2400 रुपए किलो
- एवोकाडो - 1000 रुपए किलो
- माल्टा आरेंज - 140 से 300 रुपए किलो तक
- पियर्स - 300 रुपए किलो
- मैंगो स्टीम - 900 रुपए किलो
- ड्रैगन फ्रूट - 200 रुपए किलो
- ईमली - 400 रुपए किलो

### ड्रैगन फ्रूट और कीवी ऑन डिमांड


वैसे तो देशी फलों की तरह सभी विदेशी फल भी स्वादिष्ट होते हैं, लेकिन इन सब के बीच ड्रैगन फ्रूट और कीवी की मांग सबसे अधिक रहती है, क्योंकि इन दोनों फलों का स्वाद लोगों को खूब पसंद आ रहा है। ऐसे में फल बाजार में सबसे ज्यादा इनका ही कारोबार होता रहा है। जहां तीन कीवी फल के लिए 120 रुपए खर्च करने पड़ रहे हैं, वहीं एक किलो में दो से तीन चढ़ने वाले ड्रैगन फ्रूट के लिए 200 रुपए तक लग रहे हैं। एवोकाडो, ब्लूबैरी और ड्रैगन फ्रूट स्वादिष्ट होने के साथ ही हेल्दी फलों में भी आते हैं। इन तीनों में प्रोटीन, विटामिन, कार्बोहाईड्रेट प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, जो मीठा-खट्टा स्वाद देने के साथ ही शरीर की ऊर्जा बढ़ाने का भी काम करते हैं।

**15-20 दिनों की कड़ी मेहनत के बाद सफल हुए**

## रविवि के छात्रों का इको फ्रेंडली प्रोजेक्ट सौर ऊर्जा से चार्ज कर सकेंगे ई-व्हीकल

**रायपुर।** पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रविवि के अक्षय ऊर्जा प्रौद्योगिकी और प्रबंधन विभाग द्वारा सोलर पैनल से संचालित उपकरण तैयार किए गए हैं। इन उपकरणों को विशेष रूप से सोलर पैनल और बैटरी शामिल है, जिससे सूर्य की ऊर्जा को सोलर पैनल की मदद से बैटरी में स्टोर किया जा रहा है। इस वर्ष द्वितीय वर्ष के छात्रों ने सोलर वायरलेस ईवी चार्जिंग सिस्टम, आर्डिनो बेस्ड एलईडी लाइट और ऑर्गेनिक वेस्ट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट उपकरणों को तैयार किया गया। यह उपकरण ऑटोमेशन क्रिया से स्वयं एनर्जी जनरेट कर, काम करना शुरू कर देता है।

रविवि के होनहार विद्यार्थियों ने सोलर पैनल की मदद से द्वितीय वर्ष का अद्भुत प्रोजेक्ट तैयार किया है, प्रत्येक वर्ष चौथे सेमेस्टर में छात्र प्रोजेक्ट बनाते हैं। वहीं पांचवे और छठवें सेमेस्टर में भी उसी उपकरण को अपडेट कर बेहतर बनाने का प्रयास जारी रहता है। इस वर्ष अक्षय ऊर्जा प्रौद्योगिकी और प्रबंधन विभाग के छात्रों ने कड़ी मेहनत से सराहनीय सोलर बेस्ड उपकरणों का निर्माण किया है।



### सूर्य की ऊर्जा से पॉवर जनरेट

छात्रा कृतिका पटेल और साक्षी चंद्रवंशी ने ऑटोमेशन फॉर्म में आर्डिनो बेस्ड एलईडी लाइट तैयार की है। सामान्य शब्दों में सोलर पॉवर की मदद से लाइट जलाई जा सकती है। छात्रों ने बताया कि उपकरण में सेंसर लगाया गया है, जो दिन और रात की रोशनी को समझकर बंद-चालू होने का काम करेगा। दिन होते ही सोलर पॉवर काम करना शुरू कर देता है और शाम होते ही ऑटोमेटेड जनरेट पॉवर से लाइट जलनी शुरू हो जाती है। इसे आरडीएन, एलईडी लाइट, सोलर पैनल, एलडीआर, बैटरी, वोल्टेज रेगुलेटर, करेंट सेंसर की मदद से तैयार किया गया।

### वायरलेस ईवी चार्जिंग सिस्टम

इन दिनों शहर में इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल्स की संख्या बढ़ती जा रही है, लेकिन सभी स्थानों में चार्जिंग प्वाइंट का होना संभव नहीं है। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए छात्रों के समूह ने ईवी चार्जिंग डिवाइस तैयार किया है, जो सोलर पैनल की मदद से सूर्य से ऊर्जा एकत्र कर पॉवर जनरेट करेगा। छात्र कुमकुम साहू और जशबिंदर बंजारे ने बताया कि 15 दिन की कड़ी मेहनत से व्हीकल चार्जिंग मशीन तैयार की है, जो विशेष तौर पर इको फ्रेंडली, सरल चार्जिंग प्रक्रिया, वायर शॉर्ट की समस्या से दूर और बैटरी खराब होने के कम विकल्प के साथ बनाई है। इससे फोर और थ्री व्हीलर गाड़ियों को चार्ज कर सकते हैं, खासतौर पर उपकरण को एक स्थान से दूसरे स्थान सरलता से ले जा सकेंगे। सूर्य से पॉवर जनरेट कर बैटरी में स्टोर किया जाएगा, जो चुंबकीय शक्तियों की मदद से वाहनों को चार्ज करेगा।

## छुट्टियों में बच्चे डांसिंग और सिंगिंग का ले रहे प्रशिक्षण

**रायपुर।** विद्यापीठ स्कूलक मालवीय नगर में बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन किया गया। इसमें बच्चे क्राफ्ट, डांस, सिंगिंग सहित अन्य विधाओं में पारंगत हासिल कर रहे हैं। बच्चों द्वारा कबाड़ से जुगाड़ के तहत प्लास्टिक बाटल से क्रॉफ्ट फ्लावर बनाए गए हैं, जो देखते बनता है। इसी प्रकार प्लास्टिक बॉटल ,थर्माकोल, कुरकुरे चिप्स के पैकेट से अन्य सजावट सामान बनाए गए। स्कूल की डायरेक्टर मुक्ति अग्रवाल के मार्गदर्शन में समर कैंप पूरे मई महीने में चलेगा। सुबह 8 बजे से 11 बजे तक बच्चों द्वारा विभिन्न विधाओं में नई तकनीक का उपयोग करते हुए एक से बढ़कर एक सजावटी चीज बना रहे हैं। छोटे बच्चों द्वारा कलरिंग किया जाता है, जबकि बड़े बच्चे डेकोरेशन ग्लास पेंटिंग, रंगोली, सिलाई कढ़ाई, क्राफ्ट, डांस, सिंगिंग में हिस्सा ले रहे हैं। सभी बच्चों को शनिवार को स्कूल में ही मूवी दिखाई जाएगी। मुक्ति अग्रवाल फाइन आर्ट में मास्टर की डिग्री प्राप्त हैं। कई स्थानों से पुरस्कृत भी हो चुकी हैं। स्कूल के प्राचार्य बीके गान ने बताया कि छुट्टी के समय बच्चों को कुछ क्रिएटिव करने के उद्देश्य से समर कप का आयोजन किया गया है।

**बिजनेस लर्निंग, स्टार्टअप, पर्सनालिटी डेवलपमेंट, मोटिवेशन की किताबों की सबसे ज्यादा डिमांड**

## बर्थ डे, एनिवर्सरी में बुक्स गिफ्ट का नया ट्रेंड, किताबें दे रहीं जीवन में कामयाबी व रिश्तों को बचाने का मूलमंत्र

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** किताबें जिंदगी के सही मायने सिखाती हैं। यही वजह है कि यह हमारे जीवन से जुड़ा हुआ है या यूं कहें इसी के माध्यम से हम खुद को पहचान पाते हैं। नर्सरी के एक 4 साल का छोटा बच्चा हो या आराम कुर्सी पर उम्र के सारे अनुभव की पड़ाव पार कर चुके, किताब के पन्नों पर लिखी शब्दों को चश्मे से निहारती बूढ़ी आंखें, सबके लिए यह जरूरी है। यही वजह है कि आज के जनरेशन में कुछ खास खुशी के मौकों जैसे- बर्थ डे, एनिवर्सरी, सक्सेज पार्टी, सौजन्य भेंट-मुलाकात के दौरान अपने दोस्तों, रिश्तेदारों को उपहार में बुक्स गिफ्ट देने का नया ट्रेंड सोसायटी में बढ़ा है। शहर के बुक्स सेलर शॉप पर आजकल बड़ी तादाद में लोग बिजनेस लर्निंग, स्टार्टअप, पर्सनालिटी डेवलपमेंट, मोटिवेशन की किताबों को अपने व अपने दोस्त, रिश्तेदारों के लिए खरीद रहे हैं। सदरबाजार, जयस्तंभ चौक स्थित बुक्स शॉप के संचालकों से बुक्स लवर्स, जोनर्स, डिमांड व इसको लेकर नए ट्रेंड को जानने पहुंचा तो, इसमें यूनिक जानकारी निकलकर सामने आई कि शहर



में किताबें गिफ्ट करने का चलन बढ़ा है। सामाजिक, शैक्षणिक, प्रशासनिक, राजनीतिक, पारंपरिक शिष्टाचार, भेंट-मुलाकात के दौरान युवा, बड़े, सभी वर्ग किताबों को उपहार के तौर पर गिफ्ट कर रहे हैं। यह बुक राइटर्स, प्रकाशकों के साथ-साथ समाज के लिए एक अच्छी बात है कि लोग किताबें पढ़ना भूले नहीं हैं, बल्कि उनकी रुचि में बढ़ोतरी हो रही है।

### धन-संपत्ति का मनोविज्ञान, लोक व्यवहार जैसी किताबें खास

संपत्ति लालच और सुख पर शाश्वत पाठ सिखाता मॉर्गन हाउजल की लिखित किताब धन संपत्ति का मनोविज्ञान खास डिमांड पर है। इसके इंग्लिश व हिंदी दोनों ही संस्करण को बुक लवर्स पढ़ने व अपनों को गिफ्ट देने खरीद रहें। वहीं, लेखक डेल कारनेगी की लोक व्यवहार प्रभावशाली व्यक्तित्व की कला, आगे बढ़ने की कोशिश करने वाले हर इंसान के लिए जैसी पर्सनालिटी डेवलपमेंट की किताबें पढ़ा जा रहा है। इसी जोनर में डेल कारनेगी की ही किताब चिंता छोड़ो सुख से जीयो, रॉबिन शर्मा लिखित हिंदी संस्करण दि वेल्थ मनी कान्ट बाय, फैमिली जोनर में गुरुदत्त की धूप-छांव आदि किताबें गिफ्ट दी जा रही हैं।

### साहित्य की किताबों में छावा नौकर की कमीज पढ़ी जा रही

साहित्य जोनर में शिवाजी सावन्त की छावा किताब की डिमांड छावा हिंदी फिल्म आने के बाद बढ़ गई है। शहर के बुक्स लवर्स हो या गिफ्ट के लिए छावा भी फिलहाल पहली पसंद में शामिल हो गया है। वहीं, अक्षत गुप्ता की द हिडन हिंदू -3, द नागा वॉरियर्स बैटल ऑफ गोकुल नामक किताब पंसद आ रहे हैं। वहीं, शहर के जाने माने साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल की खिलेगा तो देखेंगे, नौकर की कमीज को बहुत पढ़ा जा रहा है।

### कॉमिक्स, पौरौणिक कथा-कहानियां

*सदरबाजार स्थित बुक विक्रेता ने बताया कि थ्रीलर व सस्पेंस, रोमांच से भरी बुक पढ़ने के शोकीन पाठकों के लिए सुरेंद्र मोहन पाठक की सुपर डॉन, कूपर कंपाउंड उपलब्ध हैं। वहीं, कॉमिक्स किताबों में पांडव, हल्क को बर्थ डे में बच्चों को गिफ्ट देने खरीदा जा रहा है। कॉमिक्स, पौरौणिक कहानियां भी खूब पढ़ी जा रही हैं।*

## सिटी लाइव

# भीषण गर्मी में राहगीरों को छाछ और भोजन से मिल रही संजीवनी



**रायपुर।** वामा कैपिटल के मासिक सेवा कार्यक्रम 'परमार्थ प्रयास' के तहत डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल परिसर में जरूरतमंदों के लिए गर्म भोजन और ठंडे छाछ का वितरण किया गया। यह आयोजन अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजनों व अन्य जरूरतमंदों को गर्मी से राहत देने और पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया। इस सेवा कार्य में 180 लोगों को गर्म भोजन परोसा गया, जबकि 1000 से अधिक लोगों ने ठंडे छाछ का आनंद लिया। आयोजन में श्रद्धा, आस्था बाफना (चैप्टर प्रेसिडेंट), लीना वाढ़ेर (चैप्टर फाउंडर प्रेसिडेंट), दिव्या जैन (सेक्रेटरी), रूपाली दुबे, सोनिया अग्रवाल, नंदनी ढागे, राधा सोनकर, राशि अग्रवाल, विनीता साहू, प्रतीक्षा, पिंकी अग्रवाल, आंचल पंजवानी और शिखा गोलच्छा सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

### अग्रवाल महिला मंडल ने बांटा मट्ठा तरबूज और बिस्किट

छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन रायपुर जिला इकाई महिला मंडल द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों, कर्मचारियों व गार्ड भाइयों के लिए सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। अशोका रतन के सामने आयोजित इस कार्यक्रम में 200 किलो मट्ठा, 200 किलो तरबूज और बच्चों के लिए बिस्किट वितरित किए गए। यह सेवा कार्य प्रांतीय संरक्षिका अनीता अग्रवाल के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संतोष धनोदिया, प्रचार-प्रसार मंत्री ज्योति अग्रवाल सहित सीता अग्रवाल, ऊषा माहेश्वरी, पद्मा अग्रवाल, हेमलता बंसल, सीमा अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, जया बिंदल एवं अन्य सदस्य सक्रिय रूप से उपस्थित रहीं।

## सिटी इवेंट

# यूनियन क्लब में मेगा समर कैंप आज से, मिलेगा खेलों का प्रशिक्षण

**रायपुर।** यूनियन क्लब में 18 मई से 15 जून 2025 तक मेगा समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह मेगा खेल प्रशिक्षण शिविर सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छग रीजन एवं यूनियन क्लब रायपुर के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। शिविर का भव्य उद्घाटन मुख्य अतिथि संत डॉ. युधिष्ठिर लाल जी के हस्तक्षेप से किया जाएगा। विशेष अतिथि के रूप में विधायक सुनील सोनी, विधायक पुरंदर मिश्रा एवं छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सतीश थौरानी भी शामिल होंगे। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छग रीजन के अध्यक्ष ललित जैसिंघ, यूनियन क्लब के अध्यक्ष एवं छग टेनिस संघ महासचिव गुरुचरण सिंह होरा समेत अन्य सामाजिक एवं खेल प्रशासन के उच्च पदाधिकारी इस आयोजन में सम्मिलित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे।मेगा समर कैंप में युवा खिलाड़ियों को स्विमिंग, बैडमिंटन, टेनिस, टेबल टेनिस तथा बिलियड्र्स के खेलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर में 14 वर्ष तक के बच्चों का स्वागत किया जाएगा। कोच के निर्देशों एवं यूनियन क्लब द्वारा निर्धारित गाइडलाइन्स का पालन आवश्यक होगा। पक्के अनुभव के साथ, इस शिविर का आयोजन पिछले 25 वर्षों से होता आया है, जिसमें शहर के अनेक खिलाड़ियों ने प्रशिक्षण ग्रहण कर अपना कौशल सिद्ध किया है और छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया है।




### खिलाड़ियों को मिलेगा मार्गदर्शन व प्रशिक्षण

रजिस्ट्रेशन वर्तमान में चल रहा है। इच्छुक अभिभावक या खिलाड़ी नीचे दिए गए संपर्क नंबरों से कांटेक्ट कर अपना पंजीकरण सुनिश्चित करें। इस समर कैंप का मुख्य उद्देश्य रायपुर एवं आस-पास के शहरों के उदीयमान खिलाड़ियों को विभिन्न खेलों में पेशेवर प्रशिक्षण प्रदान करना है, ताकि वे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने कौशल का प्रदर्शन कर सकें। आयोजन की इस पहल से न केवल खेल के प्रति युवाओं में रुचि बढ़ेगी, बल्कि उनकी शारीरिक एवं मानसिक विकास में भी योगदान मिलेगा। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छग रीजन एवं यूनियन क्लब रायपुर द्वारा चलाए जा रहे इस मेगा समर कैंप की 25 वर्षीय परंपरा को जारी रखते हुए, आगामी वर्षों में भी इस पहल से अनेक युवा खिलाड़ियों को मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण मिलने की उम्मीद की जा रही है।

● शहीद वीरनारायण, गुंडाधूर, गेंद सिंह सहित 200 आदिवासी फ्रीडम फाइटर की प्रदर्शित होगी शौर्य गाथा

# फ्रीडम फाइटर म्यूजियम में स्वतंत्रता संग्राम का गौरवशाली जनजातीय इतिहास जानेगी नई पीढ़ी, होगा शोध-अध्ययन

म्यूजियम दुनिया की ऐसी जगह होता है, जहां यह जानने को मिलता है कि पहले हम कहां थे, आज कहां हैं और आगे क्या हो सकते हैं। तभी तो म्यूजियम का नाम सुनते ही हमारे मन में एक जिज्ञासा और रोमांच भर जाता है। म्यूजिसम में रखे हजारों साल पुराने मानव सभ्यता के विकास से संबंधित दुनिया के अलग-अलग जगहों से मानव विज्ञानी, पुरातत्वविदों द्वारा खोजे गए, उत्खनन से प्राप्त जीवों, वस्तुओं के साक्ष्यों को जीवंत रूप में लंबे समय तक संरक्षित एवं प्रदर्शित किया जाता है। इसका अवलोकन, शोध-अध्ययन किया जाता है।

**रायपुर।** प्रदेश की जनजातीय सभ्यता, मानव सभ्यता के विकास से जुड़े विविध पुरातात्विक महत्व के अभिलेखों, अवशेषों, कला-संस्कृति, गौरवशाली इतिहास को संग्रहित व प्रदर्शित करने लगातार म्यूजियम का विकास किया जा रहा है। आज विश्व म्यूजियम दिवस है। ऐसे में हमारे शहर में स्थित नए-पुराने प्रमुख म्यूजियम व भविष्य में स्थापित होने वाले म्यूजियम को लेकर बढ़ती रुचि, विशेषज्ञों के राय पर जानकारी जुटाई है। इसी दिशा में शहर में म्यूजियम के विकास की कड़ी में सबसे रचनात्मक म्यूजियम प्रदेश का पहला ट्राइबल फ्रीडम फाइटर म्यूजियम नवा रायपुर सेक्टर-24 में विकसित किया जा रहा है। जहां जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व लोकनायक शहीद वीरनारायण सिंह, वीर गुंडाधूर, गेंद सिंह, रामधीन गोंड़ सहित 200 जनजातीय फ्रीडम फाइटर्स की शौर्य की कहानी को संग्रहित व प्रदर्शित किया जा रहा है।



मानव विज्ञान म्यूजियम में हाथी के जीवाश्म और पाषाण औजार

प्रो. जितेंद्र प्रेमी, विभागाध्यक्ष मानव विज्ञान, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने विश्व म्यूजियम दिवस पर विश्वविद्यालय में मानव के उद्भव एवं वर्तमान का अध्ययन करने संचालित म्यूजियम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मानव विज्ञान के अंतर्गत तीन चरणों पहला शारीरिक मानव विज्ञान, दूसरा सामाजिक-सांस्कृतिक मानव विज्ञान और तीसरा पुरातात्विक मानव विज्ञान में मानव सभ्यता का म्यूजियम में उपलब्ध ऐतिहासिक साक्ष्यों के आधार पर अध्ययन करते हैं। हमारे यहां आर्कियोलॉजी के म्यूजियम में नर्मदा घाटी मध्यप्रदेश से उत्खनन में प्राप्त हाथी के जीवाश्म एवं पाषाण के औजार संग्रहित हैं।



विश्व म्यूजियम डे आज

- ● जनजातीय अनुसंधान प्रशिक्षण संस्थान की टीम सेनानियों के परिवार व गांव जाकर कर रही रिसर्च
- ● स्टैचू, पेंटिंग व शोध से मिले संबंधित साक्ष्यों को म्यूजियम की गैलरी और दीवारों में टेक्नॉलाजी के सहारे करेंगे संरक्षित, प्रदर्शित
- ● नवंबर तक तैयार हो जाएगा आदिवासी फ्रीडम फाइटर म्यूजियम



### थ्री-डी, लेजर तकनीक और गैलरी में होगी प्रदर्शनी

प्रदेश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के शौर्य को म्यूजियम में प्रदर्शित किया जा रहा है। इसके लिए अटलनगर नवा रायपुर में तेजी से म्यूजियम को संवारने का कार्य चल रहा है। म्यूजियम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीरनारायण सिंह, भगवान बिरसा मुंडा समेत जनजातीय फ्रीडम फाइटर्स एवं लोकनायकों की स्टैचू म्यूजियम की शान बढ़ाएंगी।

### शहर के प्रमुख म्यूजियम

- देश के 10 पुराने म्यूजियमों में से एक शहर का महंत घासीदास म्यूजियम
- छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर
- ट्राइबल म्यूजियम नवा रायपुर

### मेडिकल कॉलेज म्यूजियम में नवजात शिशुओं के स्पेसिमेन

पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के पैथोलॉजी विभाग के प्रोफेसर विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद नेरल ने बताया कि उनके विभाग के पैथालॉजी म्यूजियम है, जहां पर अलग-अलग गंभीर बीमारी वाले शरीर, शरीर के अंगों को रखकर उनका अध्ययन किया जाता है। वर्तमान में विभाग के म्यूजियम में 9 के करीब ऐसे नवजात शिशुओं के स्पेसिमेन को संग्रहित किया गया है, जो दुनिया की गंभीर लाइलाज बीमारी है, जिनका उपचार मुश्किल है, ऐसी बीमारी वाले नवजात शिशुओं का स्पेसिमेन म्यूजियम में उपलब्ध है। वहीं कॉलेज के एनॉटॉमी विभाग में 40 से 50 वर्ष तक पुराने बोन्स, ह्यूमन स्केटल्स म्यूजियम में संग्रहित हैं। मेडिकल कॉलेज के स्टूडेंट्स के अलावा दूसरे कॉलेज के स्टूडेंट्स भी यहां अलग-अलग विभागों के म्यूजियम का डीन से इजाजत लेकर अवलोकन कर सकते हैं।



योग दिवस को लेकर शहर में तैयारी शुरू, बीटीआई और साइंस कॉलेज मैदान में होगा बड़ा आयोजन

# योग दिवस पर गांव-बस्तियों में लगेंगे शिविर, मैदान से गार्डन तक एक साथ योगाभ्यास कर बनाएंगे रिकार्ड

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर शहर में तैयारियां योग संस्थाओं ने शुरू कर दी हैं। लोगों को योग से जोड़ने के लिए इस बार शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक अनेक जगह आयोजन किए जाएंगे। इसके लिए सुबह रोजाना गार्डन में योग की क्लास लगाई जा रही है। योग आयोग के साथ-साथ योग की सामाजिक संस्था सूर्योदय से पहले मेडिटेशन की धुन पर योग कर रही है। शंकर नगर स्थित बीटीआई और साइंस कॉलेज मैदान में इस बार योग को लेकर भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें एक साथ हजारों की संख्या में लोग योगाभ्यास करते नजर आएंगे। हरिभूमि ने शहर की दर्जनभर योग संस्थाओं से बातचीत की। उन्होंने बताया



कि शहर के 25 प्रमुख गार्डन में सप्ताहभर तक निशुल्क योग प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा किस रोग में कौन-सा योग करना चाहिए, इसकी भी जानकारी दी जाएगी। संस्थाओं का कहना है कि इस योग दिवस हमारा प्रयास है कि लोग योग को अपनी आदतों में शामिल कर लें। समर कैंप में भी तैयारियां शुरू हो चुकी हैं।

### पानी के अंदर करेंगे वृक्षासन और ताड़ासन



पानी के भीतर योग करना शरीर के लिए काफी फायदेमंद होता है, लेकिन ज्यादातर लोगों को यह योगाभ्यास नहीं आता। शंकर नगर की योग संस्था इस बार स्वीपिंग पूल में पानी के भीतर योग करेगी। बातचीत में योगगुरु रेखा मिश्रा ने बताया कि जलयोग भी हमें बीमारियों से बचाता है। लोगों को इससे जोड़ने के लिए इस बार यह आयोजन करने जा रहे हैं। मुख्य रूप से वृक्षासन और ताड़ासन का अभ्यास करना सिखाया जाएगा। पानी के अंदर एक पैर पर खड़े होकर वृक्षासन किया जा सकता है।

### गांव में युवाओं ने शुरू किया योग शिविर

शहर के धरसींवा, आरंग और कारखानों के करीब बसे गांवों में समता कॉलोनी स्थित योग संस्था ने इस बार योग शिविर लगाने का फैसला लिया है। संस्था के आदित्य वर्मा ने बताया कि गांव में लोग योग के प्रति अब भी जागरूक नहीं हैं, इसलिए 7 दिनों का शिविर लगाया जाएगा। संस्था की 7 टीमें अलग-अलग गांवों तक जाकर लोगों को योग के बारे में बताएंगी और साथ ही योगाभ्यास भी कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि कारखानों के करीब बसे गांवों के लोगों की तबीयत काफी खराब होती है, इसलिए ऐसी जगहों पर योग शिविर में लोगों को जोड़ने का प्रयास करेंगे।

### योगगुरु की ऑनलाइन ऑफलाइन कक्षाएं शुरू

योग का असर अब गर्मी में भी दिखने लगा है। सूर्य के ताप से बचने अलग-अलग आसन जिंदगी को आसान बना रहे हैं। घरों में सूर्योदय से पहले मेडिटेशन की धुन सुनाई देने लगी है। योग का क्रेज बच्चों पर भी दिख रहा है। माता-पिता ब्रह्मकाल में बच्चों से कह रहे हैं कि उठो लाल अब आंखें खोलो, करो योग रहो निरोग। स्कूल-कॉलेजों में खेल गतिविधियों के साथ अलग विषय के रूप में पढ़ाया जाने लगा है। ग्रीष्मकालीन अवकाश में इसका क्रेज और बढ़ गया है। शहर के लगभग सभी क्षेत्रों में योग सिखाया जा रहा है। खेल मैदान हो या सामुदायिक भवन, सुबह-शाम योग करने वालों की तादाद बढ़ती जा रही है। सबसे अच्छी बात ये है कि इसमें बच्चों के साथ महिलाएं भी जुड़ने लगी हैं। योगगुरु ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से कक्षाएं ले रहे हैं।

# 18 साल बाद ग्रह-नक्षत्र राहु कुंभ और केतु सिंह राशि में करेंगे गोचर

**रायपुर।** नौ ग्रहों में उग्र माने जाने वाले राहु और केतु का गोचर 18 मई यानी दिन रविवार को होने जा रहा है। राहु और केतु का यह गोचर क्रमशः कुंभ व सिंह राशि में 18 साल बाद होगा। राहु कुंभ राशि में और केतु सिंह राशि में गोचर करेगा। 18 मई की शाम 7 बजकर 35 मिनट पर दोनों का गोचर होगा। ज्योतिष शास्त्र में राहु और केतु को मायावी ग्रह की श्रेणी में रखा गया है। लेकिन, राहु को ज्योतिषविद् बेहद शक्तिशाली ग्रह मानते हैं। जबकि केतु को आध्यात्मिक वैराग्य, मुक्ति और ज्ञान का ग्रह माना गया है। राहु-केतु का यह गोचर दोनों का समसप्तक योग बनेगा। दोनों एक-दूसरे से 7वें भाव में विराजमान होकर कई राशियों की किस्मत चमक सकती है।ज्योतिषाचार्य पं. लाखेश्वर पांडेय के मुताबिक ज्योतिष शास्त्र के ये दोनों छाया ग्रह इन राशियों कुंभ और सिंह में अगले डेढ़ साल तक रहेंगे। इसका सभी 12 राशियों पर व्यापक और गहरा असर होगा। ज्योतिष और पुराणों में राहु-केतु को ग्रहों की श्रेणी में रखा गया है, लेकिन ये अन्य ग्रहों की भांति भौतिक रूप से मौजूद नहीं हैं।



### दोनों ग्रहों के असली नाम और महत्व को भी जानिए

न्यू आदर्श नगर स्थित महामृत्युंजय मंदिर के पुजारी पं. लाखेश्वर पांडेय ने बताया कि राहु का वास्तविक नाम स्वर्भानु था। जबकि केतु को कभी-कभी धूम के नाम से भी जाना जाता है। ये दोनों ग्रह पूरी तरह से आध्यात्मिक और रहस्यमय शक्तियों का प्रतीक हैं। जहां राहु माया, भौतिक सुख, छल और भ्रम का प्रतिनिधित्व करता है, वहीं केतु मोक्ष, वैराग्य और आध्यात्मिक ज्ञान का प्रतीक माना जाता है। ग्रहों की बदली चाल के असर से मेष राशि में सबसे ज्यादा असर पड़ेगा। राहु के राशि परिवर्तन से भूमि, वाहन और मकान खरीदारी से सुखों की प्राप्ति होगी। साहस, पराक्रम और धन-लाभ में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में उन्नति के योग, विस्तार और मान-सम्मान में वृद्धि होगी। इसी प्रकार वृषभ राशि में सहकर्मियों का रूखा स्वभाव आपके लिए परेशानियां पैदा कर सकता है। जॉब में परिवर्तन करने का विचार भी बना सकते हैं, आर्थिक पक्ष पर ध्यान दें। शिवलिंग का जलाभिषेक करें।

# फैशन टैलेंट शो में किड्स ने दिखाया कमाल बॉलीवुड-छॉलीवुड की तर्ज पर मचाया धमाल

**रायपुर।** गर्मी के छुट्टियों में बच्चों को रचनात्मक कार्यों व मनोरंजन से जोड़ने के लिए एक से बढ़कर एक इवेंट्स ऑर्गेनाइज किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शहर के वीआईपी रोड स्थित एक मॉल में किड्स फैशन टैलेंट शो का आयोजन किया गया। इसमें 0 से 16 ईयर के बच्चों ने अलग-अलग केटेगरी में परफॉर्म किया। पैरेंट्स व दर्शक छोटे बच्चों को छत्तीसगढ़ी फिल्म, एल्बम गीतों व हिंदी फिल्मी गीतों पर बॉलीवुड-छॉलीवुड एक्टर्स व एक्ट्रेस की स्टाइल में डांस और रैंप वॉक कर हैरान किया। शो के जजेस भी बच्चों की क्रिएटिविटी देख दंग रह गए। टार्गेट इवेंट ग्रुप द्वारा आयोजित इस किड्स फैशन शो को लेकर उनका कहना रहा कि शो का उद्देश्य बच्चों को पब्लिक प्लेटफार्म देना, उनकी ग्रुमिंग करना, उन्हें स्मार्ट व प्रैक्टिकल बनाना है। इस शो में सिटी के पैरेंट्स ने बड़ी संख्या में अपने किड्स को लेकर इंट्रेस्ट दिखाया। फैशन शो में फर्स्ट, सेंकेंड व थर्ड तीन केटेगरी में पुरस्कार वितरण किया गया। इस किड्स फैशन शो में उपस्थित दर्शकों ने बच्चों के शानदार परफार्मेंस की सराहना की। शो को प्रतिभागी बच्चे, जजेस, पैरेंट्स व दर्शकों सभी ने खूब एंजॉय किया।



### ये रहे विनर्स

रैंप वॉक पर अपने शानदार कास्ट्यूम, वॉक व स्टाइल से विनर का खिताब 7 साल की तश्वीन कौर ने जीता। वहीं सेकेंड विनर श्रीनिका ठाकुर रहीं। जबकि तीसरा स्थान कासवी ने हासिल किया। फैशन शो में 6 ईयर के आरव मिश्रा विनर बने। 0 से 5, 6 से 10, 11 से 16 वर्ष केटेगरी में इंट्रोडक्शन राउंड, टैलेंट राउंड और रैंप वॉक तीन राउंड में किड्स ने अपना परफार्मेंस दिया।



## सिटी स्पोर्ट्स

### सिंधी काउंसिल-यूनियन क्लब का मेगा समर कैम्प आज से



**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ रीजन एवं यूनियन क्लब रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में रायपुर के यूनियन क्लब मोतीबाग चौक में मेगा समर कैंप का आयोजन 18 मई से लेकर 15 जून तक किया जा रहा है। यूनियन क्लब में यह समर केम्प विगत 15 वर्षों से लगातार आयोजित किया जा रहा है एवं विगत 4 वर्षो से सिंधी काऊंसिल ऑफ इंडिया की भागीदारी इस आयोजन में हो रहीं है। इस समर केम्प का उद्घाटन मुख्य अतिथि सिंधी समाज के प्रतिष्ठित संत डॉ. युधिष्ठिर लाल के हाथो किया जाएगा। वहीं विधायक सुनील सोनी, विधायक पुरंदर मिश्रा और छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सतीश थौरानी विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया के छत्तीसगढ़ रीजन के अध्यक्ष ललित जैसिंघ, यूनियन क्लब के अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ टेनिस संघ महासचिव गुरुचरण सिंह होरा समेत अन्य सामाजिक एवं खेल प्रशासन के उच्च पदाधिकारी इस आयोजन में सम्मिलित होगे। यह कैम्प तैराकी,टेनिस, टेबल टेनिस,बैडमिंटन, बिलियड्र्स और स्नूकर जैसे खेलो में आयोजित किया जा रहा है। जिसमे प्रतिवर्षानुसार 200 से अधिक खिलाड़ियों के भाग लेने की सम्भावना है। यह जानकारी यूनियन क्लब के अध्यक्ष गुरुचरण सिंह होरा ने दी।

### रायपुर जिला मास्टर्स टेबल टेनिस प्रतियोगिता 25 को



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के तत्वावधान में राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर द्वारा सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, रायपुर में रायपुर जिला मास्टर्स टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2025 का आयोजन 25 मई को किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता पुरुष एकल (आयु वर्ग 40), पुरुष एकल (आयु वर्ग 60) एवं महिला एकल (आयु वर्ग 40) हेतु कुल मिलाकर 03 वर्गों में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता लीग पद्धति में खेली जायेगी। प्रतियोगिता हेतु प्रविष्टि कि अंतिम तिथि 22.05.2025 (सायं 07.00 बजे तक) है। प्रतियोगिता में रायपुर जिला के रजिस्टर्ड खिलाड़ी ही भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक खिलाड़ी अपना नाम शाम 6 से 8 बजे के बीच सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, रायपुर में प्रदीप जोशी एवं प्रवीण निरापुरे को लिखा सकते हैं। उपरोक्त जानकारी राजधानी टेबल टेनिस संघ जिला रायपुर के सचिव विनय बैसवाड़े ने दी।

### राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता दिल्ली मे रेफेरशिप करेंगे मुकेश

**रायपुर।** राष्ट्रीय स्पोर्ट्स प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन व स्टैंयरस दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय यूथ गेम्स का आयोजन 19 से 22 मई तक तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम भी भाग लेगी।



अंतर्राष्ट्रीय रेफरी व एशियन लायसेंस कोच मुकेश पुरी गोस्वामी स्पर्धा में भाग लेंगे व रेफरशिप की भूमिका अदा करेंगे। इस स्पर्धा में 14 खेलों का आयोजन दिल्ली में किया जा रहा है। जिसमें ताइक्वांडो भी शामिल है। यह प्रतियोगिता भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय से मान्यता प्राप्त है।

### शतरंज में पारस, सिद्दी, राजवीर, अनिका, भवयम व राशि विजेता



**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज द्वारा एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा के सहयोग से दिनांक 15 एवं 16 मई को आयोजित अंडर 7, 9 एवं अंडर 11 स्पर्धा का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राम कृष्ण साहू के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी ने की। एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा के सी. ई. ओ. विनीत राजोरिया विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। स्टेट मिनी सब जूनियर में अंडर 7 के बालक वर्ग में पारस यादव – 5.5 अंक – दुर्ग द्वितीय विराज वर्मा – 5 अंक – दुर्ग अंडर 7 बालिका वर्ग में प्रथम सिद्दी रेड्डी कियारा – 5 अंक – राजनांदगांव ,द्वितीय संस्कृति नथानी – 4 अंक – रायपुर अंडर 9 वर्ग बालक वर्ग में प्रथम स्थान राजवीर आजवानी –7 अंक – रायपुर द्वितीय स्थान अरनव गोयल – 5.5 अंक – रायपुर अंडर 9 बालिका वर्ग में प्रथम स्थान अनिका रेड्डी – 6 अंक – रायपुर द्वितीय स्थान स्वर बर्खार्ड – 4.5 अंक – रायगढ़ अंडर 11 बालक वर्ग में प्रथम स्थान भव्यम झावर – 6 अंक – रायपुर द्वितीय स्थान वी विराट अय्यर – 5.5 अंक – दुर्ग अंडर 11 बालिका वर्ग में प्रथम स्थान राशि व वरूडकर – 5 अंक – राजनांदगांव द्वितीय स्थान सावी गौरी – 3. 5अंक – रायपुर ने ने प्राप्त किया। ये सभी चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय स्पर्धाओं में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे।

● आंकड़े चौंकाने वाले, बदलनी होगी जीवन शैली

# कम पानी पीने की आदत बुलावा है किडनी स्टोन को, बहुत से आहार बढ़ा सकते हैं आपका जोखिम

किडनी स्टोन, दैनिक आहार में गड़बड़ी के कारण होने वाली समस्या है, साल 2023 के आंकड़ों के अनुसार करीब एक करोड़ से ज्यादा लोगों में इस साल समस्या का निदान किया गया। किडनी स्टोन, किडनी में मिनरल्स और सॉल्ट एकत्रित होने के कारण होने वाली समस्या है, जो काफी दर्दकारक और असहज स्थिति हो सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, किडनी में स्टोन होने के कई कारण हो सकते हैं, जिसमें आहार में गड़बड़ी, शरीर का वजन बढ़ना, कुछ चिकित्सीय स्थितियां और कम पानी पीना प्रमुख कारण माना जाता रहा है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, किडनी की पथरी आपके मूत्र पथ के किसी भी हिस्से को प्रभावित कर सकती है। हमारी किडनी स्वाभाविक रूप से तरल पदार्थों को फिल्टर करती रहती है हालांकि कुछ तत्वों की अधिकता के कारण क्रिस्टल निर्मित होने लगते हैं जिसके कारण आपको किडनी स्टोन की समस्या हो सकती है।



### कम पानी पीते हैं तो हो सकता है खतरा



स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, किडनी में स्टोन बनना सीधे तौर पर तरल पदार्थों या शरीर में पानी की कमी से जुड़ा हुआ है। यह गुर्दे की पथरी बनने के सबसे आम कारणों में से एक है। कम तरल पदार्थों के सेवन से मूत्र का निर्माण कम होता है जिसके कारण मूत्र गाढ़ा होने लगता है। इससे किडनी में स्टोन बनाने वाले पदार्थों की अधिकता हो सकती है।

यदि किडनी की पथरी आपके मूत्रमार्ग में फंस जाती है, तो यह मूत्र के प्रवाह को अवरुद्ध कर सकती है जिससे किडनी में सूजन और कई गंभीर प्रकार की समस्याओं का भी खतरा रहता है। आइए जानते हैं कि पानी की कमी के अलावा और किन कारणों से किडनी स्टोन की समस्या हो सकती है? चीजों के सेवन को लेकर भी बरतें सावधानी आहार में कुछ प्रकार की चीजें या फिर प्रोटीन, सोडियम (नमक) और चीनी से भरपूर चीजों का अधिक मात्रा में सेवन करना भी किडनी की पथरी का खतरा बढ़ा सकता है। अधिक मात्रा में सोडियम वाले आहार के कारण जोखिम अधिक हो सकता है। पालक, बैंगन जैसे ऑक्सालेट से भरपूर अधिकांश खाद्य पदार्थों के अलावा कुछ प्रकार के सप्लीमेंट्स के कारण भी किडनी में स्टोन की समस्या होने का जोखिम बढ़ सकता है।

### मोटापे के शिकार हैं तो भी खतरा

अधिक वजन को पहले भी कई प्रकार की समस्याओं जैसे हृदय रोग, डायबिटीज और अन्य क्रोनिक बीमारियों से जोड़कर देखा जाता रहा है, ये किडनी में स्टोन की समस्या को भी बढ़ाने वाली स्थिति हो सकती है। शोधकर्ताओं ने पाया कि हाई बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई), कमर पर अधिक चर्बी होने की समस्या भी किडनी में स्टोन बनने का कारण हो सकती है। वजन कंट्रोल करना आपको कई तरह की बीमारियों से बचाने में सहायक हो सकती है।

### पाचन रोग और सर्जरी

गैसट्रिक बाईपास सर्जरी, आंतों में सूजन की समस्या या क्रोनिक डायरिया जैसी बीमारियों के कारण भी किडनी की सामान्य प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। ऐसी स्थिति में किडनी ठीक तरीके से अपशिष्टों को फिल्टर नहीं कर पाती है। अगर इस तरह की बीमारियों के शिकार हैं तो किडनी की सेहत का ख्याल रखना आवश्यक हो जाता है।

# पेट की चर्बी को कम करने अपनाएं आयुर्वेदिक उपाय



पेट की चर्बी से आज के वक्त में काफी महिलाएं परेशान हैं। कई बार सही डाइट, एक्सरसाइज और भी कई कोशिशों के बाद पेट की जिद्दी चर्बी टस से मस नहीं होती है। जंक और अनहेल्दी फूड से दूरी बनाने से लेकर डाइट में हेल्दी और पौष्टिक चीजों को शामिल करने तक, अगर आप सब जतन कर चुके हैं, लेकिन आपका बेली फैट कम नहीं हो रहा है, तो आपको कुछ आयुर्वेदिक टिप्स की मदद लेनी चाहिए।

बता दें कि आयुर्वेद इंसान के शरीर की प्रकृति के हिसाब से बेली फैट को कम करने में मदद करता है। बेली फैट का शरीर में मौजूद तीनों दोषों से क्या कनेक्शन है, बेली फैट को कम करने के लिए किन आयुर्वेदिक टिप्स की मदद लेनी चाहिए, इस बारे में डॉक्टर शिखा शर्मा से जानते हैं। डॉक्टर शर्मा ने दिल्ली से पढ़ाई की है। वैदिक और मॉर्डन न्यूट्रिशन को फॉलो कर वह लोगों को सही डाइट चुनने और हेल्दी रहने में मदद करती हैं।

### आयुर्वेद के अनुसार बेली फैट का कारण



बेली फैट के पीछे कई वजहे हो सकती हैं। अगर बात आयुर्वेद की करें, तो आयुर्वेद चिकित्सा का पूरा सिध्दान्त, शरीर में मौजूद तीन दोषों वात, पित्त और कफ के संतुलन पर निर्भर करता है। इनमें असंतुलन होने पर शरीर को कई बीमारियां घेर लेती हैं। अगर शरीर में कफ दोष बढ़ जाता है, तो यह मोटापे के कारण होता है। अगर आप जरूरत से ज्यादा मीठा, नमकीन खाती हैं और लाइफस्टाइल सही नहीं है, तो इससे कफ दोष असंतुलित हो जाता है और बेली फैट बढ़ जाता है।

### बेली फैट को कम करने के आयुर्वेदिक टिप्स

बेली फैट को कम करने के लिए डाइट में ज्यादा मीठी, ऑयली, जंक और स्टार्च शामिल नहीं करना चाहिए। आयुर्वेद के अनुसार, डिनर का समय 6.30-7 बजे के बीच होना चाहिए। हमारी बायलॉजिकल क्लॉक और दोष प्रकृति के अनुसार, यह डिनर करने का सबसे सही समय है। इसके अलावा, पानी की सही मात्रा और टेम्परेचर, कफ दोष को इंबैलेंस करता है और बेली फैट को बढ़ाता है। शरीर में जमे हुए फैट या बिना पचे हुए खाने को शरीर से निकालने के लिए गुनगुना पानी जरूरी होता है। बेली फैट को कम करने के लिए दालचीनी या जीरे का पानी पीना चाहिए। पेट की चर्बी को कम करने के लिए फिजिकल एक्सरसाइज जैसे रनिंग, वॉकिंग, ब्रिस्क वॉकिंग बहुत जरूरी है। आयुर्वेद के अनुसार, इन एक्सरसाइज को करने से बॉडी से हीट निकलती है और कफ दोष कम होता है। वहीं, स्ट्रेस लेवल को कम करने के लिए योग, मेडिटेशन और प्राणायाम जरूरी है। इसके अलावा, कम से कम 6 घंटे की नींद बहुत जरूरी है। अगर आप रात में जरूरत से ज्यादा सोते हैं या फिर दिन में सोती हैं, तो इसका असर कफ दोष पर होता है और मेटाबॉलिज्म पर असर पड़ता है, जिससे बेली फैट कम होता है।



# लॉकर के आसपास नहीं रखनी चाहिए ऐसी चीजें, रूठ जाती हैं लक्ष्मी मां

हम सभी अपने घर व ऑफिस में पैसे रखने के लिए एक निश्चित जगह तय करते हैं। पैसे हर व्यक्ति के लिए बेहद अहम् है और इसलिए इन्हें सुरक्षित तरह से रखने के लिए तिजोरी का इस्तेमाल करना अच्छा माना जाता है। जब तिजोरी या उसके आसपास की जगह का खास



ध्यान रखा जाता है तो इससे लक्ष्मी माता काफी प्रसन्न होती है। चूंकि तिजोरी का संबंध धन व देवी लक्ष्मी से है, इसलिए आपको अतिरिक्त सावधान रहना चाहिए। कई बार हम अनजाने में तिजोरी के आसपास ऐसी कई चीजें रख देते हैं, जिससे उस स्थान पर नेगेटिविटी बढ़ने लगती है। इससे लक्ष्मी मां रूठ जाती है और व्यक्ति को धन से जुड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। तो चलिए आज इस लेख में वास्तुशास्त्री डॉ आनंद भारद्वाज आपको बता रहे हैं कि आपको तिजोरी के आसपास किन-किन चीजों को नहीं रखना चाहिए-

### फटी-पुरानी किताबें ना रखें

ऐसे बहुत से लोग होते हैं, जिन्हें किताबें व नॉवल पढ़ने का शौक होता है। लेकिन वे अक्सर पढ़ने के बाद उन किताबों को तिजोरी के पास ही रख देते हैं। हालांकि, ऐसा करना सही नहीं माना जाता है। दरअसल, किताबों में तरह-तरह के विषय और तस्वीरें होती हैं, जो कभी-कभी नेगेटिविटी क्रिएट करती हैं। इसलिए, तिजोरी के आसपास फटी-पुरानी किताबें नहीं रखनी चाहिए।


### ना रखें झाड़ू

कभी-कभी हम ध्यान नहीं देते हैं, लेकिन तिजोरी के आसपास झाड़ू रख देते हैं। लेकिन तिजोरी के आसपास किसी तरह का कूड़ा-कचरा या झाड़ू नहीं होना चाहिए। दरअसल, इस तरह की गंदगी से लक्ष्मी मां रूठ जाती है। कोशिश करें कि आप झाड़ू के (झाड़ू के वास्तु टिप्स) अलावा पुराने कपड़े या अन्य कोई भी बेकार सामान वहां पर ना हो।

### ना रखें कोर्ट के कागज

ध्यान रखना चाहिए कि आप तिजोरी के अंदर या उसके आसपास किसी तरह के कोर्ट कचहरी से जुड़े कागज नहीं रखने चाहिए। कुछ लोग यह सोचकर कोर्ट के कागज वहां पर रख देते हैं, कि वे वहां पर सुरक्षित रहेंगे। जबकि यह वास्तव में बहुत बड़ी गलती होती है। अगर आप कोर्ट के कागज तिजोरी में रखते हैं तो इसका अर्थ यह होता कि आपका सारा पैसा कोर्ट के केस में ही खर्च हो जाए। बेहतर होगा कि आप उन्हें अलग से अलमारी में रखें। कई बार ऐसा होता है कि हम अपनी तिजोरी (तिजोरी में रखें हल्दी की गांठ रखने के फायदे) किसी टेबल पर रखते हैं और जब उसमें अतिरिक्त जगह होती है तो हम अपना बेकार का सामान वहां पर रख देते हैं।

# जानिए वास्तु के अनुसार बेड के सिरहाने क्या रखें और क्या नहीं



बेड के सिरहाने पर हम बिना सोचे-समझे कुछ भी रख देते हैं। लेकिन अगर वास्तु के अनुसार चीजों को चुना जाए, तो इससे आपके पूरे जीवन में सकारात्मकता आती है। बेडरूम घर का एक बेहद अहम् हिस्सा होता है। जब हम बेड पर सोते हैं और एक अच्छी नींद लेते हैं तो इससे हेल्थ पर भी अच्छा असर पड़ता है। हालांकि, कई लोगों को रात में ठीक तरह से नींद नहीं आती है। वे चाहकर भी अच्छी तरह से सो नहीं पाते हैं। जिससे उनकी रात ही नहीं, पूरा दिन भी खराब हो जाता है। कई बार आपको ठीक तरह से नींद ना आने के पीछे की मुख्य वजह आपके बेडसाइड में रखी चीजें भी हो सकती हैं। अक्सर लोग अपनी सुविधा के अनुसार बेड के सिरहाने पर सामान रखते हैं या फिर यूं ही कभी-कभी कुछ भी रख देते हैं। लेकिन इससे भी आपके कमरे का वास्तु खराब होता है। इसलिए, यह जरूरी है कि आप बेडसाइड में रखे सामान पर भी उतना ही ध्यान दें। वास्तुशास्त्री डॉ. आनंद भारद्वाज बता रहे हैं कि बेड साइड पर क्या रखना चाहिए और क्या नहीं-

**ना हो कूड़ा-कचरा:** कई बार लोग बेड के साइड व पीछे की सफाई नहीं करते हैं। जिससे वहां पर गंदगी जमा हो जाती है। अक्सर लोग कई महीनों में वहां की सफाई करते हैं, लेकिन ऐसा करने से उस स्थान में नेगेटिविटी बढ़ने लगती है। अगर आपके बेड साइड या पीछे गंदगी होती है तो इससे आपको अच्छे सपने नहीं आते हैं। बल्कि कई तरह के बुरे सपनों के कारण आपको परेशानी हो सकती है।

**ना हो झूठे बर्तन :** कभी-कभी लोग रात को खाना खाने के बाद या चाय पीने के बाद उसे किचन में रखने का आलस करते हैं। ऐसे में वे उन बर्तनों को बेड साइड टेबल पर रख देते हैं। जबकि आपको गलती से भी ऐसा नहीं करना चाहिए। हमेशा ध्यान रखें कि बेड साइड पर झूठे बर्तन रखने से वहां पर नेगेटिविटी बढ़ने लगती है।

**ना हों ऑफिस की फाइलें :** यह देखने में आता है कि कई बार लोग अपने ऑफिस की फाइलें या फिर काम से जुड़े डॉक्यूमेंट्स बेड साइड टेबल पर रख देते हैं। जबकि ऐसा करने की सलाह नहीं दी जाती है। जो लोग बेड साइड पर ऑफिस फाइल्स रखते हैं, उनके दिमाग में हमेशा काम ही टेंशन या तनाव बना रहता है। जिससे उन्हें रात में ठीक तरह से नींद नहीं आ पाती है।

**साइड में रखें चप्पल:** कुछ लोगों कम स्पेस होने के कारण या फिर कंफर्टेबल फील करने के लिए बेड के साइड में शू रैक बनवा देते हैं। जबकि ऐसा भूल से भी नहीं करना चाहिए। भले ही आपके बेड साइड में स्पेस है और आपने वहां पर साइड टेबल नहीं रखी है। लेकिन इसका अर्थ यह कतई नहीं है कि आप वहां पर शू रैक बनवा दें। अगर आप चाहें तो बेड के साइड में अपने डेली वियर की चप्पल रख सकते हैं। लेकिन वहां पर कई सारे जूते-चप्पल रखने से बचें।











## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## नाइट क्लब केस में यूके से गिरफ्तार हुए अमेरिकन सिंगर क्रिस ब्राउन



अमेरिकी गायक क्रिस ब्राउन को यूके के मैनचेस्टर से गिरफ्तार कर लिया गया है। उन पर इल्जाम था कि उन्होंने साल 2023 में लंदन में एक नाइट क्लब में निर्माता अबे डियाव पर हमला कर दिया था।

मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने ब्राउन का नाम नहीं बताया लेकिन कहा कि उन्होंने मैनचेस्टर के एक होटल में 36 साल के व्यक्ति को चोट पहुंचाने के शक में हिरासत में लिया। जहां 16 मई को सुबह मैनचेस्टर मैजिस्ट्रेट कोर्ट में उनकी सुनवाई हुई। ब्रिटिश कानून के तहत आरोप दर्ज होने से पहले पुलिस संदिग्धों का नाम नहीं बता सकती। निर्माता अबे डियाव ने बताया कि फरवरी 2023 में लंदन के एक नाइट क्लब में उन पर बिना किसी वजह के ब्राउन ने हमला कर दिया। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डियाव ने कहा कि ब्राउन ने उनके सिर पर बोतल से वार किया और उन्हें फर्श पर घूंसे और लात मारी। निर्माता ने गायक के खिलाफ 12 मिलियन पाउंड (16 मिलियन अमेरिकी डॉलर) का मुकदमा दायर किया। घटना के समय ब्राउन यूके दौरे पर थे।

### टॉलीवुड

## पोथिनेनी के जन्मदिन पर मैत्री मेकर्स ने शेयर किया रैपो-22 टाइटिल, दिखाई झलक



साउथ अभिनेता राम पोथिनेनी के जन्मदिन पर राम के फैंस को मैत्री मूवी मेकर्स ने खुश कर दिया है। फिल्म निर्माताओं ने राम की फिल्म रैपो-22 के टाइटिल से पर्दा उठा दिया है। इसके साथ ही निमार्ताओं ने फिल्म के पोस्टर के साथ फिल्म की एक खास झलक भी दिखाई है। फिल्म 'रैपो-22' का नाम 'आंध्र किंग तालुका' है। इसके टाइटिल के साथ ही मैत्री मूवी मेकर्स ने फिल्म का एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें राम पोथिनेनी बाहें फैलाए शाहरुख खान स्टाइल में नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट को देखकर ऐसा लग रहा है कि राम किसी के पोस्टर के सामने खड़े होकर खुशी से पोज दे रहे हैं। फिल्म मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, 'सागर की आंखें चमक रही हैं, वह ऊर्जावान है और अपने हीरो के लिए उसका प्यार देखते ही बनता है। सागर हम में से एक है। जन्मदिन की शुभकामनाएं राम पोथिनेनी। रैपो टाइटिल की झलक अभी जारी! राम की इस फिल्म की झलक के बाद सेलेब्स और फैंस ने अपनी प्रतिक्रिया सोशल मीडिया पर देनी शुरू कर दी है। बॉलीवुड अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा ने कमेंट बॉक्स में लिखा, 'बधाई हो राम,इसे देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकती', एक फैन ने लिखा, 'जय सुपर स्टार बॉस', एक और फैन ने लिखा, 'असली स्टार उपेंद्र का कटआउट बहुत बड़ा है', एक और फैन ने लिखा, 'जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं अन्ना', एक और फैन ने लिखा, 'मैं आपकी सारी मूवी देख चुका हूं।'

### भोजपुरी

## 'जेठानी' की शूटिंग शुरू, पहली बार रानी के साथ बतौर हीरो नजर आएंगे अयाज





भोजपुरी एक्ट्रेस रानी मुखर्जी की नई फिल्म 'जेठानी' की आधिकारिक घोषणा हो चुकी है। इस फिल्म को लेकर फिल्म के एक्टर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है और साथ ही रानी की जमकर तारीफ भी की है। फिल्म में बतौर हीरो पहली बार रानी चटर्जी के साथ नजर आ रहे एक्टर अयाज खान ने आज इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए अपनी आगामी फिल्म 'जेठानी' की शूटिंग को लेकर जानकारी शेयर की है। इस पोस्ट में दो तस्वीरें हैं। पहली तस्वीर में रानी चटर्जी के साथ अयाज खान क्लैप बोर्ड पकड़े नजर आ रहे हैं - जिस पर लिखा है - 'जेठानी'। दूसरी तस्वीर भी इन दोनों स्टार्स की ही है। इस पोस्ट के साथ अयाज खान ने कैप्शन में लिखा, 'मैं और रानी जी बहुत फिल्म साथ में किये है लेकिन पहली बार मैं उनको हीरो बना हूं, कुछ अलग देखने को मिलेगा आप सब को रानी जी की जितनी तारीफ करूं कम है।" अयाज की इस पोस्ट पर रानी ने स्माइली दिल वाले इमोजी बरसाए हैं। वहीं भोजपुरी एक्टर दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ ने कमेंट में लिखा, 'भाई अब आप ए में आ जाओगे। शुभकामनाएं।' एक फैन ने लिखा, 'सर शूटिंग लोकेशन क्या है', एक और फैन ने लिखा, 'मुझे बिहार पसंद है मुझे भोजपुरी पसंद है', एक और फैन ने लिखा, 'रानी जी एक भोजपुरी की लाजवाब हीरोइन है ऐसी कोई भी नहीं', एक और फैन ने लिखा, 'सुपर रानी चटर्जी', एक और फैन ने लिखा, 'खूबसूरत जोड़ा।'




मेंस फैशन में समर आउटफिट हल्के कपड़ों के नाम होता है। आप कह सकते हैं कि तपिश भरे इस मौसम में कपड़े भी सांस लेते हैं। कॉटन और लिनन, हल्के रंग और पेस्टल शेड्स और आरामदायक फिट पर ज्यादा ध्यान होता है। टोपी और धूप के चश्मे के साथ एक्सेसरीज़ पहनना भी एक आम चलन है।

## टैनिंग के कारण काली पड़ी गर्दन को साफ करने का घरेलू उपाय जानें, पहली बार में ही दिखेगा असर

अक्सर हमारी गर्दन बाहर मौजूद टैनिंग के कारण काली पड़ जाती है। इसलिए आज हम आपको बताने वाले हैं एक ऐसा घरेलू नुस्खा जिसकी मदद से आप आसानी से काली पड़ी गर्दन को दाफ कर पाएंगी और त्वचा की देखभाल कर पाएंगी। काली गर्दन को साफ करने ओटमील,बेसन और गुलाब जल इस्तेमाल करें।



### काली गर्दन पर ओटमील लगाने के फायदे

ओटमील में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट गुण स्किन को डीप क्लीन करने में मदद करता है। साथ ही यह स्किन से टैनिंग रिमूव करने में बेहद असरदार साबित होता है।

### गुलाब जल को काली गर्दन पर लगाने के फायदे

गुलाब जल एक नेचुरल टोनर का काम करता है। यह त्वचा के कालेपन को दूर करने में मदद करता है।

### बेसन को काली गर्दन पर लगाने के फायदे

बेसन में मौजूद प्रॉपर्टी त्वचा के ऊपर जमी टैनिंग को कम करने में मदद करता है। त्वचा में होने वाले किसी भी तरह के स्किन इन्फेक्शन को होने से रोकने के लिए बेसन बेहद मददगार होता है।

### काली गर्दन को साफ करने के लिए क्या करें?

काली गर्दन को साफ करने के लिए सबसे पहले एक बाउल में लगभग 2 से 3 चम्मच ओटमील डालें। इसमें 2 चम्मच बेसन और 3 से 4 चम्मच गुलाब जल की डालें। इन सभी चीजों को अच्छी तरह से मिक्स कर लें। मिक्स करने के बाद इसे आप गर्दन की काली पड़ी त्वचा पर लगा लीजिये। आप चाहे तो गर्दन पर 2 से 3 मिनट तक मसाज भी कर सकती हैं। करीब 30 मिनट तक लगा रहने दें और फिर पानी और कॉटन की मदद से साफ कर लें। साफ करने के बाद आपको पहली ही बार में फर्क नजर आने लग जाएगा। इस घरेलू नुस्खे का इस्तेमाल आप हफ्ते में 3 बार तक कर सकती हैं।

## ब्लाउज को आकर्षक लुक देने के लिए शोल्डर पर बनवाएं खास डिजाइंस

फैशन





अपने लुक को खास बनाने के लिए हम क्या-कुछ नहीं करते हैं और इसके लिए आपको ऑनलाइन भी कई डिजाइन आसानी से मिल जाएंगी। वहीं साड़ी का चलन हमेशा फैशन ट्रेंड में रहता है और साड़ी को आकर्षक लुक देने के लिए ब्लाउज का डिजाइन चुनना बेहद जरूरी होता है। हालांकि ब्लाउज के आपको कई तरीके के डिजाइन और पैटर्न मिल जाएंगे, लेकिन अगर आप अपने लुक को स्टेटमेंट देना चाहती हैं तो शोल्डर पर भी अपनी पसंद का डिजाइन बनवा सकती हैं। इसलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं ब्लाउज के शोल्डर के लिए कुछ आकर्षक और लेटेस्ट डिजाइंस, जिन्हें आप आसानी से स्टाइल कर अपने लुक को खास बना सकती हैं।

### शोल्डर फ्रिल डिजाइन ब्लाउज

आजकल फ्रिल का चलन फैशन ट्रेंड में काफी नजर आ रहा है। वहीं इसके कई डिजाइन भी आपको आसानी से देखने को मिल जाएंगे। बता दें कि आप एक से ज्यादा लेयर की मदद लेकर भी हैवी लुक वाला फ्रिल डिजाइन अपने कंधे पर बनवा सकती हैं।

### पतली बाजू के लिए

अगर आपकी बाजू पतली है और आप इन्हें आकर्षक और बल्की लुक देना चाहती हैं तो इस तरह का डिजाइन आप स्लीव्स और शोल्डर के लिए चुन सकती हैं। इसमें आपको बैलून से लेकर और भी कई डिजाइन आसानी से देखने को मिल जाएंगे।

### चैन स्टाइल ब्लाउज शोल्डर डिजाइन

अगर आपका ब्लाउज स्लीवलेस है या आप किसी पुराने ब्लाउज को ही कस्टमाइज करने का सोच रही हैं तो शोल्डर को स्टेटमेंट लुक देने के लिए इस तरह से मल्टी-लेयर चैन लगा सकती हैं। इसमें आपको बीड्स से लेकर पर्ल्स में कई डिजाइन आसानी से मिल जाएंगे।

### कट वर्क डिजाइन ब्लाउज

इस तरह का डिजाइन एवरग्रीन चलन में रहता है। वहीं अगर आप सेमी फुल स्लीव्स पहनना पसंद करती हैं तो स्लीव्स पर बना ये डिजाइन आपके लिए बेस्ट रहेगा।

## बिना मेकअप केवल लिपस्टिक के इन शेड्स से मिलेगा आकर्षक लुक

लिपस्टिक के शेड को चुनने से पहले आपको अपनी स्किन टोन को समझना बेहद जरूरी होता है ताकि चुना गया लिप कलर आपके चेहरे कि रोनक को बढ़ाने में मदद करें।

रोजाना से लेकर किसी पार्टी में जाने तक के लिए हम मेकअप करना पसंद करते हैं और इसके लिए मार्केट में अनेक वैरायटी के प्रोडक्ट्स भी आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन इन ज्यादातर आज भी रोजाना के लिए केवल लिपस्टिक लगाना ही पसंद करते हैं। इसके लिए हम आए दिन नए से नए कलर्स लिपस्टिक भी खरीदते हैं।

कई बार हम अपने लिए सही शेड के लिप कलर को चुनते समय कंफ्यूज हो जाते हैं और जल्दबाजी में तैयार होते समय जो पहला शेड मिला उसे लगा लेते हैं। ऐसे में कई बार लिपस्टिक का कलर हम पर सूट नहीं करता है और लुक खराब नजर आने लगता है। इसलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं लिपस्टिक के कुछ ऐसे कलर्स जिन्हें आप बिना मेकअप करें लगा सकती हैं और अपने चेहरे की रोनक बढ़ा सकती हैं।



### डीप रेड लिप कलर

अगर आप बोल्ड कलर की लिपस्टिक लगाना पसंद करती हैं तो इस तरह के डीप रेड कलर को चुन सकती हैं। यह कलर खासकर नाइट लुक में बेहद खूबसूरत नजर आता है। बता दें कि यह कलर लगभग हर इंडियन स्किन टोन पर खूबसूरत नजर आता है। इसके अलावा अगर आपके होंठ छोटे हैं तो यह कलर लिप्स को पाउटी बनाने में मदद करेगा।

## गोल्ड ज्वेलरी की सफाई करते वक्त इन बातों का रखें ध्यान

गोल्ड ज्वेलरी का सही तरीके से सफाई ना किया जाएं तो उनकी चमक निलक जाती हैं। आज हम आपको बताएंगे कि कैसे आप अपने गोल्ड ज्वेलरी की सफाई कर सकती हैं।हर भारतीय महिला गोल्ड ज्वेलरी पहनती है। गोल्ड ज्वेलरी पहनने पर तो काफी ज्यादा खूबसूरत लगते है लेकिन लंबे समय तक पहनने पर यह गंदे हो जाते हैं। ऐसे में अगर गोल्ड ज्वेलरी की सही तरीके से सफाई ना कि जाएं तो यह खराब होने लगते हैं। आज हम आपको बताएंगे कि कैसे आप अपने गोल्ड ज्वेलरी की सफाई कर सकती हैं।

### हार्श केमिकल का ना करें इस्तेमाल

अगर आप ज्यादा केमिकल वाले साबुन का इस्तेमाल अपने ज्वेलरी को साफ करने के लिए करती हैं तो यह खराब हो सकता है। हार्श केमिकल यानी ब्लीच जैसी चीजों का इस्तेमाल गोल्ड ज्वेलरी की सफाई के दौरान नहीं करना चाहिए।

### साफ करते समय किन बातों का रखें ध्यान

सोना कई तरीके का होता है। ऐसे में अगर आप अपने गोल्ड ज्वेलरी की सफाई कर रहे हैं तो पैच टेस्ट करके जरूर देखें। जिस भी चीज का इस्तेमाल सफाई के दौरान कर रहे हैं उससे पैच टेस्ट करें। वरना गोल्ड ज्वेलरी का



रंग केमिकल के कारण खराब भी हो सकता है।

### सही ब्रश का करें इस्तेमाल

अगर आप हार्ड ब्रश का इस्तेमाल ज्वेलरी की सफाई के लिए करती हैं तो आपकी ज्वेलरी खराब भी हो सकती हैं। ऐसे में कोशिश करें की ब्रश साफ्ट लें ताकि ज्वेलरी को किसी भी तरीके का नुकसान ना पहुंचे।

गर्म पानी से आपकी गोल्ड की ज्वेलरी खराब हो सकती हैं। गहनों को साफ करने के लिए जौहरी ठंडे पानी का ही इस्तेमाल करते हैं। ऐसा करने से आपके गोल्ड की सफाई आसानी से हो जाएगी। ठंडे पानी में कम से कम 10 से 15 मिनट ज्वेलरी रखने के बाद ही उसकी सफाई करना चाहिए।

कार्नर न्यूज

### स्किन बैरियर को ठीक रखने नेचुरल प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल जरूरी

## फेस वॉश या स्क्रब की तरह इस्तेमाल किए जा सकते हैं किचन इंग्रीडिएंट्स, एक बार आजमा कर देखिए

जब भी बात फेस वॉश की होती है, तो हमेशा हम ऐसा प्रोडक्ट चुनने की कोशिश करते हैं जिससे स्किन ब्राइट और लाइट हो। इसे गलती नहीं मानेंगे क्योंकि अधिकतर ब्यूटी प्रोडक्ट्स को इसी तरह से एडवर्टाइज किया जाता है। पर केमिकल फेस वॉश के कारण स्किन बैरियर भी खराब होने लगता है। स्किन बैरियर को ठीक रखने के लिए नेचुरल प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना जरूरी होता है। स्किन पर नेचुरल प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करने से काफी हद तक आप स्किन प्रॉब्लम्स से दूर रह सकती हैं। अगर बात किचन इंग्रीडिएंट्स की करें, तो ऐसी कई चीजें हैं जो ना सिर्फ फेस वॉश, बल्कि फेस स्क्रब का काम भी कर सकती हैं। ये आपकी स्किन को नेचुरली एक्सफोलिएट कर सकती हैं। ब्यूटी और हेयर एक्सपर्ट शहनाज हुसैन कहती हैं कि नॉर्मली हम लोग फेसवॉश का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन चेहरे की क्लींजिंग करने के और तरीके हो सकते हैं। आपको चेहरे पर हार्ड केमिकल्स और साबुन का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। शहनाज हुसैन के मुताबिक, आपको क्लींजिंग जेल या नेचुरल इंग्रीडिएंट्स से चेहरा साफ करना चाहिए। उनके मुताबिक, दूध, तिल का तेल, गुलाब जल जैसे कई इंग्रीडिएंट्स अच्छे फेस क्लींजर्स हो सकते हैं।



### स्किन एक्सफोलिएशन और क्लीनिंग के लिए इस्तेमाल करें टमाटर

विटामिन-सी बहुत ही अच्छा ऑप्शन हो सकता है आपकी स्किन को ठीक करने के लिए। अगर आप उन लोगों में से हैं जिन्हें डेड स्किन की समस्या होती है, तो विटामिन-सी और विटामिन-ए से भरपूर टमाटर आपकी स्किन के लिए अच्छा होगा। आप इसे आधा काटकर अपनी स्किन पर रब कर सकती हैं या फिर टमाटर के जूस के साथ बेसन मिक्स कर आप उसे लगा सकती हैं।

### फेस क्लीनिंग के लिए काम आएगा तिल का तेल



अगर आपकी स्किन काफी ड्राई है और आपको स्किन से जुड़ी कई समस्याएं हो रही हैं, तो आप तिल का तेल इस्तेमाल कर सकती हैं। तिल का तेल मसाज के लिए अच्छा होगा। आप उसके साथ 1 चम्मच ओट्स पाउडर मिलाकर स्क्रब भी बना सकती हैं। इसे हल्के हाथों से चेहरे पर लगाएं और स्किन को नेचुरली एक्सफोलिएट करें।

### दूध से करें चेहरे की क्लीनिंग और एक्सफोलिएशन

अगर आप उन लोगों में से हैं जिन्हें दूध सूट करता है और उसकी स्मेल से दिक्कत नहीं होती, तो कच्चा दूध स्किन पर लगाकर चेहरा साफ किया जा सकता है। इसके अलावा, आप कच्चे दूध के साथ एक छोटा चम्मच शहद बनाकर स्किन पर 2 मिनट के लिए मसाज कर सकती हैं और उसके बाद आप चेहरा सादे पानी से धो सकती हैं। आप कच्चे दूध और ओट्स पाउडर को मिलाकर स्क्रब भी बना सकती हैं जिससे आपकी स्किन एक्सफोलिएट हो सके।